संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -324 बुधवार ,25 सितम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## देश की संक्षिप्त खबरें



### झारखंड में एसएससी-सीजीएल नियुक्ति परीक्षा फिर विवादों में फंसी

#### भाजपा की सीबीआई जांच की मांग

**रांची ,24 सितम्बर 2024(ए)।** झारखंड में दो हजार से ज्यादा पदों पर नियुक्ति के लिए 21-22 सितंबर को आयोजित स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा विवादों में फंस गई है। रीजनिंग और गणित के पेपर्स में कई सवाल पूर्व में रद्द हो चुकी परीक्षाओं के पेपर्स से हुबहू दोहराए गए हैं। अभ्यर्थियों का एक बड़ा समूह इसे साजिश बता रहा है।रांची और हजारीबाग सहित कई शहरों में इसे लेकर विरोध दर्ज कराया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने प्रश्नों को दोहराए जाने को कदाचार का मामला बताते हुए सीबीआई जांच की मांग की है।

### महाबोधि एक्सप्रेस पर पथराव,कई यात्री घायल

**प्रयागराज ,24 सितम्बर 2024(ए)।** रेल ट्रैक पर लगातार साजिश और ट्रेन को पलटने की कोशिश करने वाले अराजकत तत्वों की गिरफ्तारी के बीच सोमवार रात ट्रेन पर महाबोधि एक्सप्रेस पर पथराव की सनसनीखेज घटना सामने आ गई। इस वारदात में कई यात्री घायल हो गए।



# जम्मू-कश्मीर में द्वितीय चरण का मतदान आज

## उमर अब्दुल्ला 2 सीटों से चुनाव लड़ रहे...पहले फेज में 61 प्रतिशत मतदान हुआ था

**जम्मू-कश्मीर,24 सितम्बर 2024(ए)।**
जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल बुधवार (25 सितंबर) को 6 जिलों की 26 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें 25.78 लाख मतदाता वोट डाल सकेंगे।
सेकेंड फेज की 26 सीटों में से 15 सीटें सेंट्रल कश्मीर और 11 सीटें जम्मू की हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे फेज में 239 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 233 पुरुष और 6 महिलाएं हैं। दूसरे फेज में 131 कैंडिडेट्स करोड़पति और 49 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने अपनी संपत्ति केवल 1,000 रुपए घोषित की है।
पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला गांदरबल और बीरवाह से चुनाव लड़ रहे हैं। उमर लोकसभा चुनाव में बारामुला सीट तिहाड़ जेल से चुनाव लड़े इंजीनियर राशिद से हार गए थे। इस बार भी गांदरबल सीट पर उनके खिलाफ जेल में बंद सरजन अहमद वागे उर्फ आजादी चाचा मैदान में हैं।
18 सितंबर को पहले फेज में 7 जिलों की 24 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग हुई। इस दौरान 61.38 प्रतिशत मतदान हुआ। किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 80.20 प्रतिशत और पुलवामा में सबसे कम 46.99 प्रतिशत वोटिंग हुई।



### कांग्रेस के सभी 6 कैंडिडेट्स करोड़पति,भाजपा अध्यक्ष की संपत्ति केवल 1000 रुपए

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के फेज 2 के 238 उम्मीदवारों के हलफनामे के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की।8ष्ठक्रकी रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे फेज के 238 कैंडिडेट की औसत संपत्ति 5.80 करोड़ रुपए है।238 में से 55त्न यानी 131 कैंडिडेट्स करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। कांग्रेस पार्टी के सभी 6 कैंडिडेट्स करोड़पति हैं, जिनकी औसत संपत्ति 29.39 करोड़ रुपए है। वहीं, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के 26 में से 19 कैंडिडेट करोड़पति हैं।जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के कैंडिडेट सैयद मोहम्मद अल्ताफ बुखारी की संपत्ति सबसे ज्यादा 165 करोड़ और सबसे कम निर्दलीय कैंडिडेट मोहम्मद अकरम की 500 रुपए हैं। इनके अलावा जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैनाने अपनी संपत्ति केवल 1,000 रुपए घोषित की है।

### श्रीनगर की सबसे ज्यादा 8 सीटों पर वोटिंग,पीडीपी ने सभी सीटों पर कैंडिडेट्स उतारे

दूसरे फेज में सबसे ज्यादा 8 श्रीनगर में और सबसे कम 2 सीटें गांदरबल जिले की हैं। इनके अलावा बडगाम और राजौरी की 5-5, रियासी और पुंछ की 3-3 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। श्रीनगर डिवीजन में गांदरबल, श्रीनगर, बडगाम और जम्मू डिविजन में रियासी, राजौरी और पुंछ शामिल हैं। श्रीनगर की हब्बाकदल सीट पर सबसे ज्यादा 16 कैंडिडेट्स चुनावी मैदान में हैं। वहीं राजौरी की बुद्धल में 4 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी इस फेज की सभी 26 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। गठबंधन में चुनाव लड़ रहे नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 20 जबकि कांग्रेस ने 6 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा के 17 जबकि 98 निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में हैं। दूसरे चरण में श्रीनगर जिले में 93 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इसके बाद बडगाम में 46, राजौरी में 34, पुंछ में 25, गांदरबल में 21 और रियासी में 20 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

### 49 कैंडिडेट्स पर क्रिमिनल केस दर्ज, 8 रेड अलर्ट सीटें

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे फेज के 238 में से 21 प्रतिशत यानी 49 उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं 16 प्रतिशत यानी 37 कैंडिडेट्स ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। 3 उम्मीदवारों पर हत्या की कोशिश के मामले हैं। 7 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक पर आईपीसी की धारा 376 के तहत रेप का मामला भी दर्ज है। सेकेंड फेज की 26 में से 8 रेड अलर्ट सीटें हैं। रेड अलर्ट सीटें उन्हें कहा जाता है जहां 3 या उससे अधिक कैंडिडेट पर क्रिमिनल केस दर्ज हों। 8 सीटों में हब्बाकदल, ईदगाह, बडगाम, गांदरबल, कालाकोट-सुंदरबनी, बीरवाह, जदीबल और खानसाहिब शामिल हैं।

### द्वितीय चरण की 5 हॉट सीट

गांदरबल विधानसभा अब्दुल्ला परिवार का गढ़ रहा है। इस बार नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गांदरबल सीट से चुनाव मैदान में है। उनसे दादा शेख अब्दुल्ला 1977 और पिता फारूक अब्दुल्ला 1983, 1987 और 1996 में सीट से चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि 2002 में नेशनल कॉन्फ्रेंस यह सीट हार गई थी। 2008 के चुनाव में उमर अब्दुल्ला सीट से चुनाव जीते। इसके बाद वो मुख्यमंत्री भी बने। 2014 विधानसभा में शेख इशफाक जब्बार ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के टिकट पर गांदरबल सीट पर जीत दर्ज की थी।गांदरबल सीट पर 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। हालांकि उमर अब्दुल्ला का मुकाबला जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के बशीर अहमद मीर और 2014 में नेशनल कॉन्फ्रेंस की टिकट से विधायक रहे जम्मू-कश्मीर यूनाइटेड मूवमेंट के शेख इश्फाक जब्बार से है। भाजपा ने यहां से कैंडिडेट नहीं उतारा है। गांदरबल सीट पर जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के काजी मुबिशर फारूक और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के नेता कैसर सुल्तान गनी चुनाव लड़ रहे हैं।

# तिरुपति मंदिर के लड्डू में अब तंबाकू की मिलावट का दावा

### » चर्बी के आरोपों के बीच एक और मामला आया सामने...

**नई दिल्ली,24 सितम्बर 2024(ए)।**
तिरुपति स्थित मंदिर के प्रसाद में कथित तौर पर चर्बी होने से विवाद जारी है। इसी बीच अभी यह मामला खत्म भी नहीं हुआ है और एक महिला की तरफ से दावा किया जा रहा है कि श्री वेंकटेश्वरा मंदिर में मिले लड्डू के अंदर तंबाकू की पुड़िया मिली है। हालांकि, इसे लेकर मंदिर प्रबंधन की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। आंध्र प्रदेश के सीएम नायडू ने आरोप लगाए थे कि जगन मोहन रेड्डी की सरकार में तिरुपति मंदिर में बांटे जाने वाले लड्डुओं में जानवर की चर्बी पाई गई थी।
एक रिपोर्ट के अनुसार, खम्मम जिले की रहने वालीं दोन्थु पद्मावति ने आरोप लगाए हैं कि उन्हें प्रसाद के रूप में मिले लड्डू के अंदर कागज में तंबाकू था। वह 19 सितंबर को तिरुपति मंदिर गई थीं। उस दौरान वह प्रसादम लेकर आई थीं। एक चैनल से बातचीत में उन्होंने बताया कि वह बांटने से पहले ही उन्हें लड्डू के अंदर तंबाकू मिल गया था। उन्होंने कहा, 'मैं लड्डू बांटने ही वाली थी कि अचानक एक छोटे से कागज के टुकड़े में तंबाकू के अंश मिलने से मैं घबरा घबरा गई। उन्होंने कहा, 'प्रसादम पवित्र होना चाहिए और ऐसी मिलावट का पता चलना दिल तोड़ने वाला है।'वहीं भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की जांच को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। उन्होंने अदालत की निगरानी में जांच किए जाने की अनुरोध किया है।





### कैसे सामने आई मिलावट ?

मिलावट की जानकारी तब सामने आई जब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) की रिपोर्ट के आधार पर चिंता जताई। एक जांच रिपोर्ट के अनुसार तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी की आपूर्ति करने वाली एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड ने घी में पशुओं की चर्बी मिलाई थी। घी की घटिया गुणवत्ता की जांच के लिए मंदिर प्रशासन ने सभी आपूर्तिकर्ताओं की घी की गुणवत्ता की जांच कराई, जिसमें यह खुलासा हुआ।

### बड़ी साजिश है प्रसाद में मिलावटः पंडित प्रदीप मिश्रा



तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद को लेकर पूरे देश में बवाल मचा हुआ है। इस मामले को लेकर राजनीतिक सियासत भी गरमा गई है। आरोप लगाया जा रहा है कि प्रसाद में मिलावट कर हिंदुओं की आस्था से छेड़छाड़ की गई है। अब तिरुपति बालाजी मंदिर में मिलने वाले प्रसाद को लेकर अंतराष्ट्रीय कथावाचक प्रदीप मिश्रा का बड़ा बयान सामने आया है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मछली का तेल मिलाने का मामले को साजिश बताया है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि किसी भी तरह से सनातन धर्म के प्रति घात पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। कुछ चाल के तहत यह कृत्य किया जा रहा है।

### शंकराचार्य का सख्त रुख

उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी मिलाने की घटना को लेकर कड़ी आलोचना की है। उन्होंने मंदिर प्रशासन को इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया है। शंकराचार्य ने कहा, इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी मंदिर के ट्रस्ट और अधिकारी दोषी हैं, क्योंकि यह उनके कार्यकाल में हुआ है।

### एफएसएसएआई का नोटिस

खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने तमिलनाडु स्थित एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड को इस मिलावट के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एफएसएसएआई ने कंपनी से पूछा है कि खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने के लिए उसका लाइसेंस क्यों न रद्द कर दिया जाए।





### जाली नोटों की फैक्ट्री चला रहा था सपा नेता

#### 10 आरोपी गिरफ्तार,5.62 लाख की करेंसी बरामद

**कुशीनगर ,24 सितम्बर 2024(ए)।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में नकली नोट का बड़ा करोबार पकड़ाया। पुलिस ने मामले में सपा नेता समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह लोग जाली नोटों की तस्करी यूपी-बिहार से लेकर नेपाल तक करते थे। गैंग का सरगना रफी खान उर्फ बबलू सामाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव है। सीमावर्ती इलाकों में उसका बड़ा नेटवर्क है।पुलिस ने जिन 10 आरोपियों को पकड़ा है, उनमें औरंगजेब, मोहम्मद रफी, नौशाद खान, शेख जमालुद्दीन, परवेज इलाही उर्फ कौसर अफरीदी, नियाजउद्दीन उर्फ मुन्ना, मोहम्मद रफीक उर्फ बबलू खान, रेहान खान उर्फ सद्दाम, हाशिम खान और सिराज हशमती शामिल हैं। नौशाद खान समाजवादी पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष है।
पुलिस ने घटना स्थल से नकली नोटों छापने वाले स्कैनर-प्रिंटर समेत करीब 5.62 लाख की करेंसी बरामद की है। इनमें 1.10 लाख के असली नोट और 3000 नेपाली मुद्रा भी शामिल है। इसके अलावा आरोपियों से 10 देसी तमंचा, 4 सुतली बम, 2 नेपाली सिम और 26 भारतीय सिम बरामद किया है। सभी सिम फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीदे गए हैं।

# बीजेपी विधायक ने अपनी ही सरकार में पुलिस के खिलाफ खोला मोर्चा



### » कहा-यह कमिश्नरेट नहीं कमीशन की रेट

**आगरा,24 सितम्बर 2024(ए)।** भाजपा विधायक डॉ. जीएस धर्मेश ने अपनी ही सरकार के कमिश्नरेट पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने प्रेस नोट जारी कर पुलिस पर भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने और भूमाफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। विधायक का कहना है कि पुलिस प्रदेश सरकार की छवि को खराब कर रही है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने के बाद वे साक्ष्यों के साथ अपनी शिकायत प्रस्तुत करेंगे। इस मामले की जांच के लिए डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने एसीपी छत्ता को निर्देशित किया है। डॉ. धर्मेश ने आरोप लगाया कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और कुछ एसीपी मुख्यमंत्री की अपराध पर जीरो टोलरेंस नीति को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस भूमाफिया और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दे रही है, जबकि भाजपा के कार्यकर्ताओं को गंभीर धाराओं में जेल भेजा जा रहा है. इसके चलते न्यायालय में भूमाफिया और अपराधियों के खिलाफ मामले कमजोर हो रहे हैं।
भाजपा विधायक ने उदाहरण देते हुए कहा कि एक सप्ताह पहले छत्ता पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया, लेकिन उसे दो घंटे बाद ही थाने से छोड़ दिया गया. उन्होंने आगरा कमिश्नरेट को 'कमीशन की रेट' करार देते हुए कहा कि यह सरकार की स्वच्छ छवि के लिए खतरा है।

# ट्रक ने ऑटो को रौंदा,7 लोगों की दर्दनाक मौत

### शवों को निकालने के लिए मंगवानी पड़ी जेसीबी

**दमोह,24 सितम्बर 2024(ए)।**
दमोह जिले में एक दिल दहलाने वाली सड़क दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा देहात थाना क्षेत्र के समन्ना गांव के आगे बांदकपुर रोड पर हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे जा रहे ऑटो को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में ऑटो में सवार 10 लोगों में से 7 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑटो में कुल 10 लोग सवार थे। तभी पीछे से आ रहा एक ट्रक तेज रफ्तार में आया और ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से ट्रक में फंसे ऑटो से शव और घायलों को बाहर निकाला गया। हादसे में मरने वालों में ऑटो चालक आलोक गुप्ता भी शामिल हैं। घायलों में गायत्री पति सिद्धू, रीता बाई पति राजेश और एक बच्चा शामिल हैं। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पता चला है कि ड्राइवर छतरपुर के बक्सवाहा का रहने वाला नीरज सिंह लोधी (22) है और वह शराब के नशे में था। पुलिस ने उसे मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा है।
दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर और एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए हैं। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है।



### भविष्य में समुद्री खतरे बढ़ेंगे,हमें तैयार रहने की जरूरत : राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली ,24 सितम्बर 2024 (ए)।** वर्तमान भूराजनीतिक स्थिति को देखते हुए भविष्य में समुद्री खतरे बढ़ेंगे। हमें सतर्क और तैयार रहने की जरूरत है। मंगलवार को यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। वह दिल्ली में आयोजित भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) कमांडरों के सम्मेलन में बोल रहे थे।

### साले के गिफ्ट ने फंसा दिया,अब कोर्ट के चक्कर काट रहे सिद्धारमैया

**बैंगलोर,24 सितम्बर 2024 (ए)।** कर्नाटक में इन दिनों सिर्फ मुडा घोटाले की ही चर्चा हो रही है। क्योंकि इसमें राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया फंसे हैं। इस मामले में सिद्धारमैया को कर्नाटक हाईकोर्ट ने झटका भी दे दिया. ऐसे में मुडा घाटाले के बारे में और जानने की जिज्ञासा लाजमी है। आपको जानकर हैरानी होगी कि घोटाले के आरोप के तार सिद्धारमैया की पत्नी को गिफ्ट में मिली जमीन से जुड़े हुए हैं। और ये जमीन किसी और ने नहीं बल्कि सिद्धारमैया के साले ने गिफ्ट की है. आइये आपको मुडा घोटाले का पूरा तिया-पांचा समझाते हैं ।पहले कथित घोटाले से जुड़े लेटेस्ट अपडेट के बारे में जान लीजिए. कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को सीएम सिद्धारमैया को बड़ा झटका दिया.। अदालत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए/मुडा) भूमि घोटाले मामले में राज्यपाल द्वारा दिए गए अभियोजन आदेश पर सवाल उठाने वाली सीएम की रिट याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत के फैसले को बरकरार रखते हुए आदेश पारित किया. कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि अभियोजन की मंजूरी देने के लिए राज्यपाल सक्षम हैं। इस बीच आपको बताते हैं कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया मुडा घोटाले में क्या फंसे हैं।



C M Y K

## संपादकीय

### सड़क यात्रा जोखिम भरी,रोज 432 मौतें

भारत में औसतन हर घंटे 53 सड़क हादसे होते हैं और उनमें 18 लोगों की जान जाती है-यानी रोज 432 मौतें। कुल जितनी दुर्घटनाएं होती हैं, उनमें 45 प्रतिशत में दो पहिया वाहन शामिल रहते हैं।भारत में सड़क यात्रा जोखिम भरी है, यह कोई रहस्य नहीं है। हर साल आने वाले आंकड़े इस बारे में चिंता बढ़ाते हैं, लेकिन उन आंकड़ों की चर्चा थमते ही सब कुछ जैसे को तैसा चलता रहता है। इसलिए परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के इस बारे में चिंता जताने से भी सूरत बदलेगी,इसकी आशा शायद ही किसी को होगी। भारत की छवि आज यह है कि यहां ऑटो उद्योग का तेजी से विकास हुआ है, लेकिन साथ ही भारत उन देशों में बना हुआ है, जहां सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें होती है।गडकरी भारतीय ऑटोमोबिल निर्माता संघ के वार्षिक सम्मेलन में गए, तो वहां उन्होंने कंपनियों के कर्ता-धर्ताओं को अपनी चिंता बताई। जिक्र किया कि भारत में औसतन हर घंटे 53 सड़क हादसे होते हैं और 18 लोगों की जान जाती है- यानी रोज 432 मौतें। गडकरी ने बताया कि कुल जितनी दुर्घटनाएं होती हैं, उनमें 45 प्रतिशत में दो पहिया वाहन शामिल रहते हैं। उनके अलावा पैदल चलने वाले लोग लगभग 20 प्रतिशत दुर्घटनाओं के शिकार बनते हैं।यानी मौतों के मामले में देखें, तो निम्न मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोग इनकी चपेट में ज्यादा आते हैं। उन मौतों के बाद पीड़ित परिवारों पर क्या गुजरती है, यह एक अलग दुखद दास्तां है। लेकिन समाधान क्या है? गडकरी ने कंपनी अधिकारियों से कहा कि उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग सिखाने वाले स्कूल अधिक से अधिक संख्या में खोलने चाहिए। जाहिर है, यह एक सदिच्छा ही है।वैसे हादसों का एक बड़ा कारण सड़कों का असुरक्षित निर्माण भी है। स्पष्टतः इसकी जवाबदेही सरकार पर आती है। गडकरी ने कहा कि सड़कों की गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकार पहल कर रही है। लेकिन वो पहल कम जमीन पर उतरेगी और कब उसके सकारात्मक लाभ दिखेंगे, इस बारे में परिवहन मंत्री चुप ही रहे। यही समस्या है। गंभीर मसलों के लिए दूसरों की जिम्मेदारी का जिक्र हमारी राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। जब बात अपने दायित्व पर आती है, अक्सर अधिकारी सामान्य बातें कह कर निकल जाते हैं। जब तक इससे उबरा नहीं जाता, भारत की सड़कें इसी तरह जानलेवा बनी रहेंगी।

### बयानबाजी से सदस्यता अभियान पर असर

एक तरफ जहां सदस्यता अभियान के माध्यम से भाजपा अपना जनाधार बढ़ाने के लिए प्रयासरत है वहीं दूसरी ओर गुटबाजी के चलते भाजपा के नेता ही पार्टी की मुश्किलों को बढ़ा रहे हैं। बिना क्षेत्र में जिस तरह से भाजपा सांसद और विधायक के बीच बयानबाजी चल रही है उस पार्टी की क्षेत्र में किरकिरी हो रही है।दरअसल, विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद प्रदेश में भाजपा सदस्यता अभियान के माध्यम से अपने जनाधार को बढ़ाने के लिए बेताब है उन बूथों पर भी भाजपा फोकस बनाए हुए हैं जहां उसे अब तक जीत हासिल नहीं हो पाई है। महिलाओं की सदस्यता बढ़ने पर भी जोर दिया जा रहा है। दूसरी तरफ प्रदेश में कुछ जगहों पर भाजपा नेता ही पार्टी के लिए मुश्किलें बढ़ाने वाले कम कर रहे हैं। पिछले दिनों सागर जिले के कोर ग्रुप के नेताओं की मुख्यमंत्री निवास पर बैठक हुई थी और जिसमें सभी से समाजसय बनाकर पार्टी का काम करने के लिए कहा गया था। चंबल और मालवा क्षेत्र में भी समझाइश दी जा चुकी है। अब विंध्य क्षेत्र क्षेत्र में भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा और भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी के बीच जिस तरह से बयानबाजी हो रही है। उससे पार्टी के न केवल सदस्यता अभियान पर असर पड़ रहा है वरन पार्टी की किरकिरी भी हो रही है।बहरहाल, सांसद जनार्दन मिश्रा ने जिस तरह से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी को लेकर जो बयान दिया है उसके बाद श्रीनिवास तिवारी के पोते और भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी भी सीधे तौर पर सामने आ गए सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि श्रीनिवास तिवारी के कार्यकाल में एक भी गड्ढा नहीं भरा गया लेकिन आज यदि सड़कों में एक गड्ढा हो जाए तो अखबारों में शिकायत आने लगती है यही नहीं उन्होंने यहां तक कहा कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीवास्तव तिवारी के समय लूट भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी होती थी सांसद मिश्रा के लगातार एक के बाद एक आ रहे बयानों के बाद श्रीनिवास तिवारी के पोते और भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी जिन्होंने 18 अक्टूबर 2023 को कांग्रेस छोड़कर बीजेपी ज्वाइन की थी अब भाजपा सांसद के खिलाफ मुखर हो गए हैं सिद्धार्थ तिवारी का साफ कहना है कि किसी व्यक्ति के दिवंगत होने के बाद उनके बारे में अभद्र टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने कहा कि संसद का बयान निंदनीय है और उन्हें समझ नहीं आ रहा कि क्यों उन्हें टारगेट किया जा रहा है उन्होंने कहा कि अगर कोई नाराजगी है तो सीधे उनसे बात करनी चाहिए उन्होंने अपने दादा श्रीनिवास तिवारी के राजनीतिक जीवन और रीवा में किए गए कार्यों की प्रशंसा की और कहां की उन्होंने पार्टी फोरम में अपनी शिकायत दर्ज कराई है उन्होंने कहा कि उनके दादा ने अपने राजनीतिक जीवन के 75 साल जनता की सेवा में बताएं और उनकी उपलब्धियां की गवाही रीवा के लोग दे सकते हैं।कुल मिलाकर विन्ध्य क्षेत्र में भाजपा नेताओं के बीच एक बार फिर से टकराहट बढ़ गई है इस क्षेत्र में भाजपा नेताओं की आपस में टकराहट कोई नई बात नहीं है केदार शुक्ला और रीति पाठक की टकराहट का अंत केदार शुक्ला की पार्टी से बगावत के बाद ही उपाय था। इसी तरह अभय मिश्रा भी पार्टी छोड़कर अब कांग्रेस के विधायक हैं ऐसे और भी उदाहरण है ऐसे में सांसद जनार्दन मिश्रा और विधायक सिद्धार्थ तिवारी के बीच जो बयान युद्ध शुरू हो गया है उसे पर यदि समय रहते पार्टी हाई कमान ने विराम नहीं लगाया तो फिर कोई बड़ी बगावत इस क्षेत्र में हो सकती है।

-देवदत्त दुबे-

## जयंती विशेष

# राष्ट्र के महानिर्माता,दीनदयाल उपाध्याय




हेमेन्द्र क्षीरसागर
बालाघाट, मध्यप्रदेश

भारत के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पं दीनदयाल उपाध्याय कुशल संगठक, बौद्धिक चिंतक और भारत निर्माण के स्वप्नदृष्टा के रूप में आज तलक कालजयी हैं। माता रामप्यारी और पिता भगवती प्रसाद उपाध्याय के घर 25 सितम्बर 1916 को मथुरा जिले के नगला चन्द्रभान ग्राम में जन्मे पं दीनदयाल उपाध्याय हम सबके प्रेरणास्रोत और मातृभूमि के सच्चे उपासक थे। उन्होंने व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास का समूचा दर्शन दिया। अपनी संस्कृति, संस्कारों, परंपराओं, जीवन मूल्यों के आधार पर देश निर्माण का विचार दिया। विश्व के विकास और कल्याण की सभी संभावनाएं उनके द्वारा दिए गए एकात्म मानव दर्शन में है। जिसकी प्रासंगिकता मानकर सारा विश्व इस मानवीय सिद्धांत पर शोध कर रहा है। ताकि एक मामूली से कद काठी के व्यक्ति ने इतना मार्मिक और सारगर्भित विमर्श समय रहते कैसा उद्वेलित कर दिया।

### एकात्म मानववाद का दर्शन

पं दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन भारतीय चिंतन की दो अवधारणा पर आधारित है। पहली वसुधैव कुटुंबकम् का सिद्धांत और दूसरी चार पुरुषार्थ। उन्होंने शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा की आवश्यकता की पूर्ति के लिए उसके विकास के लिए चार पुरुषार्थ की अवधारणा को स्पष्ट किया। उनका मानना था कि व्यक्ति में प्रतिभा भी है और उसकी आवश्यकताएं भी है लेकिन उसका मन व्यापक होता है। वह भ्रमित हो सकता है। मनुष्य सकारात्मक दिशा में बढ़े इसके लिए मन का संतुलन और अनुशासन जरूरी है। यह बुद्धि और विवेक से ही संभव है। इसके लिए चार पुरुषार्थ आवश्यक है इनमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का समावेश है। यदि चार पुरुषार्थ की मर्यादा में व्यक्ति को उसके विकास के सभी अवसर प्रदान किए जाए तो संसार इस श्रेष्ठ स्वरूप को प्राप्त कर सकता है इसकी कल्पना वेदों में है। यह पूर्ण यानी एकात्म मानव की कल्पना है जिसे पंडित दीनदयाल जी ने एकात्म मानववाद दर्शन के रूप में दिया। जो सारे जगत में अलौकिक है।

### मानवधर्मी दीनबंधु दीनदयाल



पंडित जी के अनछूए जीवन प्रेरक प्रसंग प्रेरणापुंज हैं। सतुतय, किशोरावस्था में एक बार सब्जी बाजार गए और सब्जी बेचने वाली वृद्धा को चवन्नी का भुगतान कर दिया। घर लौटते समय उन्होंने जेब टटोली, तो देखा कि वह वृद्धा को खूंटी चवन्नी दे आए हैं। उनका मन इतना दुखी और द्रवित हो गया कि वह दौड़ते हुए उस वृद्धा के पास गए और उसे क्षमा प्रार्थना के साथ खूंटी चवन्नी वापस लेकर खरी चवन्नी दे दी। क्रम में मध्यप्रदेश जाने के लिए पं दीनदयाल जी दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर खड़ी गाड़ी के थर्ड क्लास के डिब्बे में बैठ चुके थे। गाड़ी जाने में अभी आधा घंटा शेष था जिसके कारण डिब्बे में बहुत 16 कम यात्री बैठे थे। इसी समय दो औरतें डिब्बे में आई और भीख मांगने लगी। पुलिस के एक सिपाही ने उन्हें देखा और उन्हें गाली देते हुए मारने लगा। पंडित जी कुछ समय तक इस दृश्य को देखते रहे लेकिन अचानक उठ कर उन्होंने पुलिस के सिपाही को पीटने से रोकने का प्रयत्न किया। पुलिस के सिपाही ने अभद्रता से कहा- ÷यह औरतें चोर हैं और यह तुम्हें तुम्हें परेशानी में डाल सकती हैं। जाओ और अपनी सीट पर बैठो यह मेरा काम है और उसे करने में दखल मत दो। पंडित जी यह वाक्य सुनते ही क्रोधित हो उठे। शायद जीवन में पहली और अंतिम बार वे इस क्रोधावेश में दिखे थे। उन्होंने पुलिस के सिपाही का हाथ पकड़ते हुए कहा-मैं देखता हूं कि तुम उन्हें कैसे मारते हो। अदालत उन्हें उनके और सामाजिक कार्यों के लिए दंड दे सकती है लेकिन एक स्त्री के साथ अभद्र व्यवहार को देखना मेरे लिए असहनीय है। पुलिस के सिपाही ने अपनी ड्यूटी को माना और क्षमा की प्रार्थना की। ऐसे एक अबला की रक्षा करने वाले मानवस्पर्शी, संवेदनशील मानवधर्मी थे दीनबंधु दीनदयाल।

### देश को समर्पित जीवन

आज राष्ट्रवाद का जो स्वरूप दिखाई दे रहा है उसके नींव डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पंडित जी के साथ मिलकर दशकों पहले रखी थी। उन्होंने अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया। कार्यकुशलता समर्पण को देखकर डॉक्टर मुखर्जी ने कहा था कि यदि मुझे दो दीनदयाल मिल जाते तो मैं पूरे हिंदुस्तान को बदल देता। वह अंतिम व्यक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का विकास चाहते थे। एक चौपाई बोलते थे परहित सरिस धर्म नाहिं भाई... दूसरों की भलाई करने से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। पंडित जी ने कहा था हमें सबके लिए काम करना है। जो गरीब है, सबसे पीछे और सबसे नीचे है वह दरिद्र ही अपना भगवान है। उसकी सेवा ही भगवान की सेवा है। पंडित जी का इस भावना और विचार को क्रियान्वित करने आज मानव कल्याण की विविध योजनाएं चलाई जा रही है। पंडित जी के बताए गए मार्ग पर चलकर हम एक शक्तिशाली, गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली और संपूर्ण भारत का निर्माण करेंगे। पथ प्रदर्शक, आदर्श नायक, राष्ट्र के महानिर्माता पं दीनदयाल उपाध्याय को एक बार पुनः नमनः! वीभत्स, साल 1978 की 10 फरवरी को दीनदयाल लखनऊ से पटना जा रहे थे। इसके लिए वे सियालदाह एक्सप्रेस में बैठे लेकिन 11 फरवरी को अलग सुबह तकरीबन 2 बजे, जब ट्रेन मुगलसराय स्टेशन पर पहुंची, तो वह ट्रेन में नहीं थे। स्टेशन के नजदीक ही उनका पार्थिव देह था। व्यथा अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय का महाप्रयाण आज भी एक रहस्यमय है?

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# जड़ता को श्रम से ललकारता मानव

### » अवसर का इंतजार नहीं... अवसर को निर्मित करें...

जब जब मनुष्य ने जड़ता को ललकारा है तब तब परिवर्तन ने दस्तक दी है,और प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े



घटती-घटना
संजीव ठाकुर
रायपुर

तथा महान अवसर लेकर आया है। इस अवसर का जिसने भी सदुपयोग कर लाभ उठाया है और अपने अनुकूल बनाने का ऊर्जा के साथ प्रयास किया है वह विश्व विजेता बनने में सक्षम हुआ है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस आई हैव ए ड्रीम की कल्पना की थी वह जीवन के नए अवसर की कल्पना थी। महात्मा गांधी जी ने भी जिस स्वराज की कल्पना अपने मन में की थी वह भी उसी नए अवसर की खोज में उसकी तरफ छेड़ा गया एक अभियान था और बराक ओबामा ने भी कहा था यस वी कैन ने भी बड़े परिवर्तन को सच्चाई के अवसर की तलाश थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भी मनुष्य से देवत्व की यात्रा का वर्णन किया था वह भी परिवर्तन के मुख्य द्वार से होकर गुजरता था .जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है। अवसर के मार्ग को खोलकर बड़ी विजय की महायात्रा प्राप्त हो सकती है। मूलतः परिवर्तन जीवन की एक मूलभूत विशेषता और एक जरूरी सत्य है बल्कि बेहतर कल तथा विकास के प्रत्येक सपने का हल भी होता है। परिवर्तन में अवसर तलाशने की यात्रा का अस्तित्व ही एक विजय गीत का गान है।

परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का साइकल स्वयं इस बात का साक्ष्य है की परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश है। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक




साधन मात्र था। और उसी समय जब सदियों से भरी जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ,परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है। बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था। इस बड़े परिवर्तन ने संपूर्ण मानव समाज को एक बड़ा अवसर प्रदान किया पूरी कार्यप्रणाली को सरल बनाने और संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का उपहार भी दिया था। यह तो तय है कि जब जब जनता ने समाज की गति को रोकने का प्रयास किया तब मानवीय उद्यम और साहस ने उसे चुनौती दी और नए नए अवसरों की तलाश कर उसका नवीन परिवर्तन का सकारात्मक उपयोग किया। एक प्रसिद्ध कहावत है परिवर्तन के अलावा कुछ भी स्थाई नहीं है यह प्रकृति का एक स्थाई और व्यवस्था जनक है कि परिवर्तनशील होना जिवंतता और संघर्ष का प्रमाण है। जिस व्यक्ति, समाज तथा देश में स्थायित्व जाता है वह विकास के विरुद्ध होने लगता है। परिवर्तन सदैव धीरे-धीरे होते हैं यह अचानक नहीं होते प्राकृतिक व्यवस्था अनुसार हर परिवर्तन का एक बड़ा उद्देश्य होता है हर परिवर्तन अपने साथ एक बड़ा अवसर लेकर आता है यह अवसर नवीन लक्ष्यों के आपूर्ति का और उद्देश्य की ओर बढ़ती आकांक्षा को नवीन सृष्टि के निर्माण को संभव बनाने का प्रयास होता है। परिवर्तन का चक्र स्वयं इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन स्वयं की नवीनता का एक बड़ा स्रोत है। बढ़ती जनसंख्या के लिए उत्पादन की ना तो मात्रा पूरी हो पा रही थी और नाही उत्पादन उसकी गति में भी विराम लग गया था। व्यक्ति, समाज तथा देश के पास पूंजी होने के बावजूद उसके उपयोग का ना तो सामर्थ्य था नहीं उतनी बौद्धिक क्षमता,उसी क्षण विचारों ने परिवर्तन लाना शुरू किया मानव की बुद्धि ने एक बड़ा परिवर्तन लाकर मशीनों का इजाद किया फल स्वरूप कार्य करने की गति को अवसर मिला इस अवसर के साथ उत्पादन मैं भी वृद्धि हुई। मानव समाज ने इस परिवर्तन तथा नए अवसर की खोज के साथ नई नई वस्तुओं का अंबार लगा और संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का उदय हुआ। यही औद्योगिक क्रांति विश्व के लिए विकास की नई गाथा है और सफलता के साथ एक नए युग का परिवर्तन भी हुआ है। स्थायित्व के विरुद्ध नए अवसर की तलाश थी मनुष्य के जीवन के नवीन पायदान ओं का आगाज करती है और जीवन परिवर्तनशील होकर नए युग की ओर प्रशस्त होता है। मनुष्य के जीवन में प्रगति विकास और परिवर्तन ही जीवन का असली गुंजन है, और यही विजय यात्रा की ओर मनुष्य, समाज तथा देश को अग्रसर करता है।

## यात्रा वृतांतः नर्मदा जी के घाट पर, अनकही प्रतीक्षा



प्रेम ठक्कर दिकुप्रेमी
सूरत, गुजरात

यह यात्रा एक ऐसी अनकही कहानी है, जिसमें मैं अपनी जिंदगी के सबसे कीमती पलों की तलाश में हूँ। नर्मदा जी के घाट पर बैठा, लहरों की शांत ध्वनि में खोया, मैं उस शख्स के बारे में सोच रहा हूं, जो मेरी ज़िन्दिगी का सबसे खास हिस्सा बना हुआ है। लेकिन अब वह मुझसे बहुत दूर है—ना जाने कौन सी राह पर—और मैं बस यहीं बैठा उसका इंतजार कर रहा हूंयह वही जगह है, जिसने कभी हमें करीब लाया था—हमारे बीच की दूरी चाहे कितनी भी रही हो, पर अब यह दूरी भी उसकी यादों से भर जाती है। मंदिर की शांति और नर्मदा मैया की लहरें मुझे बार-बार उसकी याद दिलाती हैं। मैंने कभी उसके साथ समय बिताने का सपना देखा था, लेकिन आज केवल उसकी यादें ही मेरी संगिनी हैंयह सफर मेरे दिल की उन अनकही भावनाओं का है, जिन्हें मैंने हमेशा अपनी कविताओं में ढाला है। मुझे नहीं पता कि वह कब लौटेगी, या क्या वह मुझे फिर से कभी याद करेगी, पर इस घाट की हर लहर में उसकी उपस्थिति का एहसास होता है। उसकी छवि मेरी आंखों में बसी रहती है, और उसकी आवाज़ अब भी मेरे कानों में गूंजती है, मानो वह कभी गई ही न हो। मैं यहाँ उसी की प्रतीक्षा में हूँ, उस पल का इंतजार कर रहा हूं जब हम फिर से मिलेंगे। इस यात्रा का कोई अंत नहीं दिखता, क्योंकि मेरी भावनाएं उसे तलाश रही हैं। मैं उसकी वापसी की उम्मीद लगाए बैठा हूं, लेकिन दिल की गहराइयों में यह डर भी छिपा है कि वह शायद अब कभी लौटकर न आए।

यह यात्रा उस अनंत प्रेम की है, जो समय और दूरी की परवाह नहीं करता। यह मेरी कहानी है—उससे जुड़ी हुई, पर फिर भी सब कुछ अनकहा, अनछुआ। इस सफर में मेरा दिल हर धड़कन के साथ उसे पुकारता है, उसकी यादों में खोया रहता है, और नर्मदा जी की लहरों में उसकी आहट तलाशता है।

## बेटियां जग में महान हैं



घटती-घटना
कृष्णा चौहान
सारंगढ़ (छ.ग.)

बेटियां घर की शान होती हैं,
बहु बेटी का फर्ज निभाती हैं!
दो परिवारों का मान रखती हैं,
बेटी दुर्गा काली का रूप होती हैं!
बेटी हमारे घर की महकती बगिया हैं,
बेटी ही गृहस्थी का आधार हैं!
बेटी घर की खुशियां हैं,
बेटी घर की प्यारी गुड़िया हैं!
बेटी जग में महान हैं,
बेटी को पढ़ाना और लिखाना हैं!
बेटी को काबिल बनाना हैं,
बेटी को अच्छी संस्कार देना हैं!

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# कश्मीर विधानसभा चुनाव में भाजपा



अगस्त 2019 को भाजपा की केन्द्रीय सरकार ने कश्मीर में धारा 370 और 35ए समाप्त करके जम्मू कश्मीर को केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया था । लद्दाख को अलग से केन्द्र शासित प्रदेश बनाया गया । अब सितम्बर 2024 को हरियाणा के साथ जम्मू कश्मीर में भी चुनाव हो रहे हैं । अभी तक आठ केन्द्र शासित प्रदेशों में मात्र दिल्ली और पांडिचेरी में विधानसभाएं हैं । इस समय कश्मीर में मुकाबला नेशनल कान्फ्रेंस,पी.डी.पी. और भाजपा के बीच में हैं । कांग्रेस नेशनल कांफ्रेंस के साथ है । यूं गुलाम नबी आजाद की पार्टी भी मैदान में है, परन्तु उसके पास काडर नहीं है । इंजीनियर रशीद जेल में बंद है । उन्हें केजरीवाल की तर्ज पर कश्मीर में इलेक्शन लडने के लिए कुछ दिनों के लिए छोड़ दिया गया है । लेण्ड आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा से इंजीनियर राशिद से सांठ-गांठ है । परन्तु भाजपा इससे इंकार करती है ।अभी हाल में मोदी जी ने कश्मीर में भाषण देते हुये कश्मीर को लूटने में तीन लोगों का हाथ बतलाया । कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पी.डी.पी. । कांग्रेस तो बहुत समय से कश्मीर में सत्ता में है ही नहीं । नेशनल कॉन्फ्रेंस के अब्दुल्ला को अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी कैबिनेट में विदेश राज्य मंत्री बनाया था । पी.डी.पी. की मेहबूबा मुफ्ती के साथ तो भाजपा पिछले दिनों सरकार बना चुकी है ।असल में भाजपा को जम्मू में भरोसा है । कश्मीर में पहले चरण के चुनाव में आठ सीटों पर तो भाजपा ने अपने उम्मीदवार ही नहीं उतारे हैं । असल में पिछले कुछ दिनों से भाजपा शासित राज्यों में जो हिन्दुत्व का मुद्दा उठ रहा है, उस कारण कश्मीर में भाजपा को मुस्लिम चेहरा ढूंढने में तकलीफ़ हो रही है । परन्तु चुनाव विश्लेषक बतलाते हैं कि इस बार कश्मीर में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी । परन्तु उसे इतनी सीटें नहीं मिलेंगी कि वह अपनी सरकार बना सके ।इस बार कश्मीर में बहुत सी नई पार्टियां उभर आई हैं । बहुत से इंडिपेन्डेन्ट भी चुनाव लड़ रहे हैं । भाजपा को इन्हीं से उम्मीद है । कम से कम सात स्थानीय पार्टियां चुनाव लड़ रही हैं । लगभग 32 उम्मीदवार स्वतंत्र लड़ रहे हैं । भाजपा को उम्मीद है कि केन्द्र की तरह वह इन स्वतंत्र उम्मीदवारों और सात अलग-अलग पार्टियों की सपोर्ट से अपनी सरकार बना लेगी । परन्तु मुख्य प्रश्न यह है कि केन्द्र में भाजपा पिछले दस सालों से सत्तारूढ़ है । उसे केन्द्र में अन्य पार्टियों से ज्यादा सपोर्ट की आवश्यकता नहीं है । कश्मीर के मसले पर ऐसी बात नहीं होगी ।कश्मीर की असली समस्या आज भी आतंकवाद है । पाकिस्तान से घुसपैठिए रोज ही कश्मीर में गोलीबारी करते हैं । पिछले पांच सालों में हजारों नहीं तो सैंकड़ों फौजी मारे जा चुके हैं । यह सही है कि कश्मीर में अब पर्यटन काफी बढ़ गया है । परन्तु देश भर में हो रहे मौसम के बदलाव के कारण कश्मीर में अब ए.सी. चलने लगे हैं, तो क्यों कोई कश्मीर जायेगा? एक दिक्कत और है । यदि कश्मीर में गैर भाजपा गठबंधन से सरकार बनती है तो उसकी स्थिति दिल्ली जैसी होगी, जहां सारे अधिकार एल.जी. के पास होंगे । यदि भाजपा की सरकार बनती है मिली जुली तो सारे अधिकार एल.जी. से छीनकर सरकार को दे दिये जायेंगे । वो फिर यह प्रश्न उठेगा कि दिल्ली के साथ भेद-भाव हो रहा है । असल में सुप्रीम कोर्ट का आदेश था कि कश्मीर में चुनाव करवाए जाएं, नहीं तो शायद केन्द्र की भाजपा सरकार अभी चुनाव टाल देगी । फिर लद्दाख में चुनाव क्यों नहीं? यह भी प्रश्न उठ रहा है । असल में भारत की राजनीति ने जो नई करवट ली है, वह भाजपा के लिए भी उतनी सरल नहीं है । उसको भी अग्नि परीक्षा देनी होगी ।

-अजय दीक्षित-

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# चैनपुर की महिलाओं ने गांव में नशाबंदी का किया ऐलान



## बनाई गई है निगरानी समिति

नशा मुक्ति से संबंधित बनाए गए नियम कानून का पालन करवाने और निगरानी के लिए महिलाओं द्वारा नशामुक्ति निगरानी समिति का गठन किया गया है। उस समिति की सदस्य केवल महिलाएं हैं और उन्हें नशामुक्ति से संबंधित समस्त प्रकार के कार्य को करने का अधिकार दिया गया है। यदि नशामुक्ति निगरानी समिति की महिलाएं आवश्यकता पडने पर अबकारी विभाग के पुलिस कर्मियों एवं अधिकारियों की सहायता इत्यादि भी ले सकेंगी। नशामुक्ति निगरानी समिति में अध्यक्ष मीना एक्का, उपाध्यक्ष अनसतसिया लकड़ा, सचिव छुमी एक्का, सह सचिव बिलीचेना एक्का शामिल हैं। गांव द्वारा लिए गए निर्णय की जानकारी एसडीएम सीतापुर, तहसीलदार राजापुर तथा थाना प्रभारी सीतापुर को पेसा अध्यक्ष के साथ निगरानी समिति की महिलाएं पहुंची।

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

मैनपाट के ग्राम पंचायत चैनपुर की महिलाओं ने गांव में नशाबंदी का ऐलान किया है। सोमवार को महिलाएं हाथ में लाठी-डंडा लेकर रैली निकालीं और लोगों को जागरुक किया। इस दौरान महिलाओं ने बोतल हांडी फोड़ दो, हडिया़ दारू छोड़ दो का नारे भी लगाया। इसके लिए ग्रामसभा में प्रस्ताव भी पारित किया गया है। शराब बनाने एवं सेवन करने पर 5 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाएगा।

गांव में बनाई गई पेसा समिति के अध्यक्ष जयमान एक्का ने बताया कि गांव को नशामुक्त बनाने के लिए आयोजित ग्राम सभा में तय किया गया है कि गांव में शराब, हडिया़ बनाते और बेचते हुए एवं पीते हुए पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्तियों से 5000 रूपये जुर्माना लिया जाएगा। गांव में किराना दुकानों में महुआ, बीड़ी, सिगरेट, पान, गुटखा, तम्बाकू इत्यादि बेचना प्रतिबंधित किया जा रहा है। कोई दुकानदार प्रतिबंधित नशीले पदार्थ को बेचते हुए पकड़ा जाता है तो संबंधित दुकानदार से 5000 रूपये जुर्माना लिया जाएगा।

# ईश्वर राजवाड़े की हत्या मामले में गांव वालों ने की मुआवेज की मांग



- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत सरईटिकरा के युवक ईश्वर राजवाड़े की सोमवार की सुबह रायपुर में चाकू से गोदकर बदमाशों ने हत्या कर दी थी। मामले में सरईटिकरा पंचायत के लोगों ने मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर आरोपियों को फांसी दिए जाने की मांग की। इसके साथ-साथ मृतक की पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति व अंतिम संस्कार के साथ-साथ अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तात्कालिक सहायता के रूप में 2 लाख रुपए की मांग की गई।

ईश्वर कुमार राजवाड़े पिता स्व0 अमृत साय, राजवाडे, आदिम जाति कल्याण विभाग, अंबिकापुर कलेक्टर परिसर में वेतनभोगी कर्मचारी (वाहन चालक) के पद पर पदस्थ था। 22 सितंबर को मृतक आदिम जाति कल्याण विभाग, अंबिकापुर सरगुजा में पदस्थ राजीव पाठक एसडीओ को लेकर रायपुर गया था। 23 सितंबर को अपने दोस्त विवेक कुमार राजवाड़े के साथ समय करीब 3.40 भोर में तेलीबांधा तालाब, रायपुर के पास होटल में रूम न मिलने के कारण टहल रहा था। तभी बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसका मोबाइल लूटने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी।

# ट्राइबल टाइगर व दसवीं बटालियन ने अपने प्रतिद्वंदी को हराकर जीते मैच

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।



गांधी स्टेडियम में खेले जा रहे संभागीय स्तरीय सरगुजा नॉकआउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को दो मैच खेला गया।

पहला मैच ट्राइबल टाइगर ए विरुद्ध यूनाइटेड क्रिश्चियन बैकुंठपुर कोरिया के मध्य खेला गया। जिसमें ट्राइबल टाइगर ने अच्छे खेल प्रदर्शन करते हुए प्रथम हाफ में टीम के खिलाड़ी इलियास, प्रदीप और कैलाश ने एक-एक गोल कर टीम को 3-0 से बढ़त दिला दी। मैच के दूसरे हाफ में यूनाइटेड क्रिश्चियन बैकुंठपुर कोरिया के योगी ने अपने टीम के लिए 1 गोल कर गोल के अंतर को कम किया। मैच समाप्ति तक ट्राइबल टाइगर की टीम ने 3-1 से मैच जीत लिया।

दूसरे मैच में दसवीं बटालियन विरुद्ध फिजिकल एजुकेशन अंबिकापुर के मध्य मैच खेला गया। जिसमें प्रथम हाफ में दसवीं बटालियन की टीम 2-0 से बढ़त बना ली। इस मैच के दूसरे हाफ में दसवीं बटालियन के तरफ से ही परमेश ने 2 गोल, आनंद ने 1 गोल कर 3-0 से बढ़त बना ली। मैच समाप्ति पर दसवीं बटालियन की टीम 3-0 से विजेता बनी। मैच में रेफरी ललित किशोर, दिनेश, दया यादव, प्रकाश, पुनीत, बाल साय राजवाड़े, अखिलानंद ने मैच पूरा कराने में अपनी प्रमुख भूमिका निभाई।

### आज का मैच

बुधवार को भी दो मैच खेला जाएगा। प्रथम मैच बढनी झरिया विरुद्ध सेंट जॉन स्कूल और द्वितीय मैच फुटबॉल क्लब राता विरुद्ध फुटबॉल क्लब मोहनपुर के मध्य खेला जाएगा।

# ठगों ने नकली सोने की हार देकर,ज्वेलरी दुकान से ले गए असली सोने की अंगूठी व चेन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

शहर के सदर रोड में 5 दिन पूर्व एक महिला व पुरूष ने ज्वेलरी दुकान संचालक को नकली हार देकर असली सोने की अंगूठी व चेन ले कर फरार हो गए। दुकान संचालक ने कुछ दिन बाद हार की जांच कराई तो उसमें मात्र 15 प्रतिशत ही सोना पाया गया। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है।



जानकारी के अनुसार शहर के सदर रोड में स्टेट बैंक के सामने मां ज्वेलर्स संचालित है। 18 सितंबर को शाम करीब 5.30 बजे एक महिला और पुरुष दुकान में आए। महिला ने अपना नाम गीता देवी और युवक ने अपना नाम धर्मेंद्र यादव बताया। दोनों ने स्वयं को भटगांव बस स्टैंड के पास का निवासी बताया। दोनों ने दुकान से एक सोने की चेन व अंगूठी पसंद की। इसके बदले में ठगों ने दुकान संचालक को एक हार दिया। हार का कीमत 1 लाख 55 हजार रुपए निकला। दुकान संचालक ने सोने की अंगूठी व चेन की कीमत 1 लाख 32 हजार 700 रुपए काटकर शेष 20 हजार 500 रुपए वापस कर दिया। इसके बाद दोनों वहां से वापस चले गए।

### मात्र 15 प्रतिशत ही था सोना

दुकान संचालक अरुण सोनी ने दो दिनों बाद जब एक्सचेंज में मिले सोने के हार की जांच कराई तो वह नकली निकला। हार में मात्र 15 प्रतिशत सोना निकला। अरूण सोनी ने मामले की शिकायत कोतवाली अंबिकापुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 3(5), 318(4), 319(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत तम्बाकू मुक्त युवा अभियान की शुरूआत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।





राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की शुरूआत की गयी जिसके तहत युवाओं में तम्बाकू उत्पाद के सेवन को छोड़ने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर कार्य करने की बात कही गई। कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में बताया गया कि युवाओं में तनाव, अवसाद का मुख्य कारण तम्बाकू का सेवन होना है। वर्तमान में तम्बाकू सेवन युवाओं में 80 प्रतिशत व बुजुर्ग लोगों में 20 प्रतिशत देखा जा रहा हैं। तम्बाकू के सेवन के स्थान पर योग व स्पोर्ट्स तथा व्यायाम को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए जो शरीर को स्वच्छ रखने के साथ-साथ करियर में सफल होने में सहायक सिद्ध होता है।

तम्बाकू व उससे संबंधित उत्पाद शरीर में क्षणिक आनंद जरूर पैदा कर सकते है, परन्तु लगातार सेवन से शरीर खोखला हो जाता है। व कैंसर होने की संभावना 90 प्रतिशत से ज्यादा होती है। कार्यक्रम में सघन अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. अरूनेष सिंह, संयुक्त संचालक व अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप, डॉ. भावना पाण्डेय, प्रशासनिक अधिकारी श्री जगदीश सिंह व तम्बाकू मुक्त टीम के सदस्य, सत्यप्रकाश, प्रशांत कश्यप, वसीउर, शेखर राव, कमलनारायण, श्री गौरव उपस्थित रहे।

# स्कूली बच्चों के बीच वितरण किए गए जूते



- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी टीम आदी बाबा ने उदयपुर विकासखंड के दूरस्थ गांवों के स्कूली बच्चों के बीच जूता का वितरण किया है। टीम आदी बाबा विगत 4 वर्षों से उदयपुर विकासखंड के गांवों में जूता, बस्ता और गर्म कपड़ों का वितरण कर रही है। इस वर्ष उन्होंने उदयपुर के ग्राम पहाड़ कोरजा और जारहाडाँड़ के प्राथमिक शालाओं के 140 बच्चों को जूता वितरित किया है। टीम आदी बाबा की ओर से गुरुप्रीत सिद्धू ने बताया है कि टीम आदि बाबा ने गरीब स्कूली बच्चों के बीच कार्य का लक्ष्य रखा हुआ है। हमारी टीम ने इस वर्ष ठंड के मौसम में करीब 500 बच्चों को गर्म कपड़ों के वितरण का लक्ष्य रखा हुआ है। स्कूली बच्चों को जूता वितरण में सिद्धार्थ सिंहदेव, राजनाथ सिंह, ओमप्रकाश सिंह, शुभम पांडेय, सोनू गुप्ता, सूरज यादव, उत्कर्ष पांडेय, अभिषेक गुप्ता, सोहेल खान, अजितेश सोनी आदि शामिल थे।



# श्रीकोट में संस्कृत विद्यालय एवं महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्थापना दिवस कार्यक्रम उत्साह के साथ सम्पंन हुआ



- संवाददाता -
कुसमी,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले की सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैंकरा जिले के कुसमी विकासखंड के ग्राम श्रीकोट का मंगलवार को दौरा किया,जहा श्रीकोट में संचालित रामेश्वर गहिरा गुरू संस्कृत विद्यालय एवं प्राच्य संस्कृत महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्थापना दिवस कार्यक्रम धुमधाम से आयोजन विधायक उद्धेश्वरी पैंकरा के मुख्य आतिथ्य में किया गया,कार्यक्रम की शुरूवात में संत गहिरा गुरू महराज के छायाचित्र में पुष्प अर्पित कर उनका आर्शिवाद लिया गया।फिर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक उद्धेश्वरी पैंकरा का पुष्प गुच्छ भेट कर उनका स्वागत किया गया।वही कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनका हालचाल अतिथियों के द्वारा जाना गया।फिर विद्यालय के छात्राओं में



सायकल का वितरण किया गया,कार्यक्रम में विधायक उद्धेश्वरी पैंकरा के साथ-साथ जनपद पंचायत के अध्यक्ष हुमंत सिंह,जिला पंचायत सदस्य हिरामुनी निंकुज,बंसती भगत,राजेश्वर गुप्ता संस्कृत विद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षक गण एवं छात्र-छात्रायें सहित ग्रामीण जन भी शामिल हुये।

# अपमानित अधिवक्ताओं ने किया अनुविभागीय न्यायालय का बहिष्कार

- सवाददाता -
राजपुर,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।



राजपुर बलरामपुर जिला अंतर्गत राजपुर में मंगलवार को अधिवक्ता संघ ने एक आवश्यक बैठक आयोजित कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजपुर के न्यायालय का बहिष्कार कर दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि जब तक अधिकारी को नहीं हटाया जाता अधिवक्ता संघ न्यायालय की कार्यवाही का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेगा।

तहसील अधिवक्ता संघ राजपुर की बैठक में संघ के सदस्यों ने अपनी-अपनी राय जाहिर की। अधिवक्ताओं ने न्यायालय में हो रहे अभद्र व्यवहार की बातें विस्तार पूर्वक संघ के पदाधिकारी के साथ रखी। अधिवक्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से यह निर्णय लिया गया की अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के संपूर्ण न्यायालय कार्रवाइयों का बहिष्कार सभी अधिवक्ता गण करेंगे।

संघ के सदस्यों ने कहा कि अधिवक्ताओं के द्वारा प्रकरणों के सुनवाई के दौरान राजस्व मंडल व माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ द्वारा पारित न्याय दृष्टांत का उल्लेख प्रकरण में पारित किए जाने वाले आदेशों में नहीं किया जाता है। अधिवक्ता संघ की बैठक में अधिवक्ता गणों को दांडिक मामलों में अलग-अलग कक्षो में सुनवाई के लिए बुलाया जाता है। साथ ही धारा 151 दंड प्रक्रिया संहिता के प्रकरण का निपटारा अपने चेंबर में किया जाता है। बगैर प्रतिवेदन आहुत किए 145 दंड प्रक्रिया संहिता के प्रकरणों में साक्ष्य करने को कहा जाता है। कई बार न्यायालय में साक्ष्य के दौरान अन्य पक्षकारों को व अधिवक्ताओं को भी बाहर कर दिया जाता है। अनुविभागीय अधिकारी राजपुर अधिवक्ताओं से बदतमीजी पूर्ण व्यवहार कर अपमानित व जलील करते हैं

तहसील अधिवक्ता संघ राजपुर ने इस संबंध में मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन प्रेषित कर कार्यवाही की मांग की है। संघ ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजीव जेम्स कुजुर को तत्काल हटाए जाने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा है कि वे जब तक नहीं हटाए जाते अधिवक्ता संघ न्यायालय की कार्यवाही का बहिष्कार करेगा। इस दौरान तहसील अधिवक्ता संघ राजपुर अध्यक्ष जयगोपाल अग्रवाल, सचिव सुनील सिंह, उमेश ओझा, शिवा नंद दुबे, रामनारायण जायसवाल, रामनरेश अग्रवाल, शैलेश तिवारी, विपिन जायसवाल, जितेंद्र गुप्ता, सुरेश पाल सहित काफी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# बेरूत हमले को लेकर इस्राइल का दावा,हिजबुल्ला के मिसाइल और रॉकेट यूनिट का शीर्ष कमांडर ढेर

**हिजबुल्ला,24 सितम्बर 2024।** इस्राइली सेना ने दावा किया है कि उसने बेरूत पर हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इकाई के एक शीर्ष कमांडर को मार गिराया है। द टाइम्स ऑफ इस्राइल के अनुसार बेरूत के दहियाह उपनगर में हुए हमले का लक्ष्य हिजबुल्ला के रॉकेट और मिसाइल डिवीजन का प्रमुख इब्राहिम कुबैसी था। इस्राइल रक्षा बलों ने कहा कि हमले में इब्राहिम कुबैसी अन्य शीर्ष कमांडरों के साथ मारा गया।

1980 के दशक में हिजबुल्ला में शामिल हुआ था कुबैसी

आईडीएफ के अनुसार, इब्राहिम कुबैसी ने हिजबुल्ला की कई रॉकेट और मिसाइल इकाइयों की कमान संभाली थी, जिसमें इसकी सटीक-निर्देशित मिसाइल इकाई भी शामिल थी। सेना ने बताया कि इब्राहिम कुबैसी 1980 के दशक में हिजबुल्ला में शामिल हुआ था और उसने कई अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाए निभाई थीं, जिसमें हिजबुल्ला के संचालन प्रभाग में



एक वरिष्ठ पद और बद्र क्षेत्रीय प्रभाग का प्रमुख शामिल था।

बता दें कि इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच सीमा पार लड़ाई मंगलवार को भी जारी रही, जिसमें लेबनान की राजधानी बेरूत में इस्राइली हवाई हमला भी शामिल है। क्योंकि हिजबुल्ला ने उत्तरी इस्राइल पर 100 से अधिक रॉकेट दागे, जिससे हाइफा, सफेद, नाजरेथ और योकनेआम के साथ-साथ गैलिली में भी सायरन बजने लगे।

### इस्राइल ने आज 300 ठिकानों पर किए हमले

इस्राइली सेना के मुताबिक उसने आज लेबनान में करीब 300 ठिकानों को निशाना बनाया। इससे पहले आईडीएफ ने सोमवार को कहा था कि उसने लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों के खिलाफ बड़े हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। इस्राइली अधिकारियों ने लेबनान के लोगों को चेतावनी दी है कि वे उन घरों से तुरंत दूर हो जाएं, जो हिजबुल्ला के लड़ाकों की तरफ से हथियारों को जमा करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं।

## हरिनी अमरसूर्या बनीं श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री,राष्ट्रपति दिसानायके ने किया मंत्रालय का बंटवारा

**कोलंबो,24 सितम्बर 2024।** हरिनी अमरसूर्या श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री बन गई हैं। उन्होंने मंगलवार को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वह साल 2000 में सिरीमावो भंडारनायके के बाद इस पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला नेता बन गई। 'नेशनल पीपुल्स पावर' (एनपीपी) की 54 वर्षीय नेता अमरसूर्या को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शपथ दिलाई। दिसानायके ने खुद समेत चार सदस्यों का मंत्रिमंडल नियुक्त किया है।



अमरसूर्या को न्याय, शिक्षा, श्रम, उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य तथा निवेश मंत्रालयों का कार्यभार सौंपा गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने की जगह यह जिम्मेदारी संभाली है। दिनेश गुणवर्धने ने राष्ट्रपति चुनाव के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

### विजिता हेराथ और लक्ष्मण निपुर्णाच्ची ने मंत्री पद की शपथ ली

एनपीपी सांसदों विजिता हेराथ और लक्ष्मण निपुर्णाच्ची ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। वे संसद भंग होने के बाद कार्यवाहक कैबिनेट मंत्री के रूप में काम करेंगे।

### संसदीय चुनाव नवंबर के अंत में हो सकते हैं

मामले से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि संसदीय चुनाव नवंबर के अंत में हो सकते हैं। राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद 56 वर्षीय दिसानायके ने रविवार को श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।

## इमरान खान के खिलाफ सैन्य मुकदमे की याचिका खारिज, इस्लामाबाद HC ने कहा-सरकार ने कोई फैसला नहीं लिया

**इस्लामाबाद, 24 सितम्बर 2024।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के खिलाफ सैन्य अदालत में मुकदमा चलाने की याचिका को इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। पूर्व पीएम की ओर से दायर याचिका पर कोर्ट ने कहा कि मुकदमे को लेकर अब तक पाकिस्तान सरकार ने कोई फैसला नहीं लिया है।



क्रिकेटर से राजनेता बने खान ने पिछले साल नौ मई को हुई हिंसा के मामले में सैन्य अदालत में सुनवाई के खिलाफ इस्लामाबाद हाईकोर्ट (आईएचसी) में याचिका दायर की थी। इस हिंसा में उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने उनकी गिरफ्तारी सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था। न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान पाकिस्तान सरकार के अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल मुनव्वर इकबाल दुग्गल ने बताया कि सरकार ने यह तय नहीं किया है कि खान को सैन्य मुकदमे का सामना करना पड़ेगा या नहीं। यदि इस तरह का कोई मुकदमा चलाया जाता है, तो इसे आवश्यक कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए नियम 549 के अनुसार तय किया जाएगा। उन्होंने अदालत को आगे बताया कि सैन्य मुकदमे की स्थिति में प्रक्रिया एक सिविल मजिस्ट्रेट से अनुरोध के साथ शुरू होगी।

## चीन की नौसेना ने पहली बार अपने सभी तीन विमानवाहक पोतों का किया संचालन,रिपोर्ट में दावा

**बीजिंग,24 सितम्बर 2024।** चीन की नौसेना ने हाल ही में पहली बार अपने सभी तीन विमानवाहक पोतों का संचालन किया। जिससे पता चलता है कि इसका विमानवाहक कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह जानकारी मंगलवार को देश के सरकारी मीडिया की ओर से दी गई।

पीएलए की नौसेना के अभी दो विमानवाहक पोत सक्रिय हैं- लियानओनिंग और शांदोंग। लियाओनिंग सोवियत युग का पोत है। यह उसका पहला विमानवाहक पोत है और इसे पुनर्निर्मित किया गया है। इसे 25 सितंबर, 2012 को कमीशन किया गया था। जबकि शांदोंग स्वदेशी रूप से निर्मित दूसरा विमानवाहक पोत है। इसका तीसरा विमानवाहक पोत फुजियान है। जो



अन्य दो पोतों से बड़ा है और इसका भारत 80 हजार टन है। इसका अभी परीक्षण किया जा रहा है।

लियानओनिंग के कमीशन की 12वीं वर्षगांठ कल यानी बुधवार को है। सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स ने बताया कि पिछले हफ्ते सभी तीन विमानवाहक पोतों का अभ्यास और परीक्षण किया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन का विमानवाहक कार्यक्रम तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

सरकारी मीडिया के मुताबिक, चीनी नौसेना भविष्य में चार से पांच विमानवाहक पोतों की योजना बना रही है। ताकि वैश्विक स्तर पर उसका प्रभाव बढ़ सके, जिसमें दक्षिण चीन सागर, ताइवान जलडमरूमध्य और हिंद महासागर में उनकी तैनाती शामिल है। फुजियान पहला पूरी तरह से स्वदेशी रूप से विकसित और निर्मित विमानवाहक पोत है, जिसमें अमेरिका के यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड की तरह एक %विद्युत चुंबकीय विमान प्रक्षेपण प्रणाली% है।

पिछले हफ्ते ओनिंग जापान के डियाओयू द्वीप के पास से गुजरा तो उसने इसके खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। यह द्वीप जापान के नियंत्रण में है। इसे जापान सेनकाकु कहता है। चीन समय-समय पर इन द्वीपों पर अपने दावे को मजबू करने के लिए अपने तट रक्षक जहाज भेजता है। चीनी नौसेना लियाओनिंग का उपयोग खासतौर पर प्रशिक्षण के उद्देश्यों के लिए करती है।

## सीरिया में नई सरकार का गठन, राष्ट्रपति असद ने दी मंजूरी

**दमिश्क ,24 सितंबर 2024।** सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद ने एक आदेश में नई सरकार के गठन की घोषणा की। आदेश के तहत पूर्व उप विदेश मंत्री बासम अल-सब्बाग को फैसल मेकदाद के स्थान पर विदेश मंत्री बनाया गया। मेकडैड को उपराष्ट्रपति नियुक्त किया गया। जिसे राष्ट्रपति के निर्देशों के तहत विदेश और मीडिया नीति को लागू करने का काम सौंपा गया। सीरिया के सबसे बड़े प्रिंट मीडिया प्रकाशकों में से एक, अल-वहदा प्रिंटिंग एंड पब्लिशिंग ऑर्गनाइजेशन के पूर्व महानिदेशक जियाद घोसौं को नया सूचना मंत्री नामित किया गया।



# विधायक रेणुका की पहल पर भरतपुर ब्लाक में महीने में दो दिन बैठेंगें अपर कलेक्टर

» **अब नाम का नहीं काम का जिला होगा मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर**

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,24 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

भरतपुर सोनहत विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह की पहल से अब वनांचल क्षेत्र भरतपुर ब्लाक के लोगो को राजस्व प्रकरण के निपटारे के लिए जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ नहीं जाना पड़ेगा। भरतपुर अनुभाग क्षेत्र अन्तर्गत समस्त राजस्व, अपील, पुनरीक्षण एवं पुनर्विलोकन के प्रकरणों की सुनवाई हेतु अनिल कुमार सिदार अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को अधिकृत किया गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरतपुर अनुभाग के समस्त प्रकरणों की सुनवाई प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय सोमवार को दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक भरतपुर राजस्व



अनुविभागीय कार्यालय (एसडीएम ऑफिस) में प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। भरतपुर ब्लाक में महीने में दो दिन अपर कलेक्टर के बैठने पर विधायक रेणुका सिंह क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि, मैंने विधानसभा चुनाव के दौरान रेणुका सिंह ने यह वायदा किया था कि मैं चांगभखार को जिला बनाउंगी। उसी के तहत जिला बनने के प्रयास में मेरा यह पहला कदम है। और मैं अपने वायदे के मुताबिक जल्द ही चांगभखार नाम से जिला बनाउंगी।बउन्होंने कहा कि, आजादी के बाद पहली बार ऐसा होगा कि सुदूर वनांचल क्षेत्र भरतपुर ब्लाक में महीने में अपर कलेक्टर रैंक के अधिकारी बैठकर राजस्व समेत जनसमस्या का निराकरण करेंगे। अपर कलेक्टर के भरतपुर ब्लाक में बैठने से वनांचल क्षेत्र के लोगो को मनेन्द्रगढ़ की 110 किलोमीटर की दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। उन्ही के ब्लाक मुख्यालय में उनकी समस्या का निदान होगा। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री भरतपुर सोनहत विधायक ने कहा, कि कांग्रेस सरकार ने सिर्फ नाम का जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर बना दिया, लेकिन भरतपुर वासियों को अब तक इसका कोई लाभ नहीं मिला। मैं नाम का नहीं काम का जिला बनाने के लिए दृढ संकल्पित हुए।

# पूर्व मंत्री डॉक्टर प्रेमसाय सिंग टेकाम की नेतृत्व में दिया गया राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन

- संवाददाता -
प्रतापपुर,24 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

प्रतापपुर क्षेत्र में बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस पार्टी के पूर्व मंत्री डॉक्टर प्रेमसाय सिंह टेकाम के नेतृत्व में एवं संगठन के पदाधिकारी ग्रामीण लोगों की मौजूदगी में राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार मुकेश देवांगन को सौंपा गया ज्ञापन, प्रतापपुर जेईई अश्विन टोप्पो भी मौजुद थे इनका कहना है कि जल्द ही व्यवस्था सुधार कर अच्छी से अच्छी बिजली का सप्लाई ग्रामीण अंचलों शहरों में करेंगे ताकि लोगों को किसी प्रकार से कोई तकलीफ परेशानी ना हो,

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के शासन सत्ता में आते ही बिजली सायं सायं गोल हो रही है जबकि बरसात से पहले ही बिजली विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर कई घंटे कई दिनों तक कटौती कर दिए थे लेकिन समस्या जस का तस प्रतापपुर क्षेत्र में निवास करने वाले आम लोगों का जीविका पार्जन एकमात्र सहारा है कृषि भूमि यहां अधिकतर लोग कृषि का खेती करते हैं तथा क्षेत्र में अधिकतर अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते हैं जो अपने कृषि कार्य एवं घरेलू ऊर्जा के लिए विद्युत विभाग के विद्युत सप्लाई पर आश्रित हैं वही डॉक्टर प्रेम साय सिंग टेकाम जी का कहना है कि जब कांग्रेस की सरकार थी तब विद्युत का आधा पैसा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जमा किया जाता था परंतु वर्तमान छत्तीसगढ़ के भाजपा





सरकार पूर्व के विद्युत बिल हाफ योजना को समाप्त करते हुए विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है जिस कारण प्रतापपुर क्षेत्र के आम जनता पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है जबकि प्रदेश में जबकि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति सरप्लस है वर्तमान भाजपा सरकार के द्वारा जानबूझकर आम जनता से अत्यधिक बिजली बिल वसूली करने नीति निर्धारण कर रही है जो क्षेत्र के आम जनता के लिए अहितकर साबित हो रहा है बिना कारण के ही कई कई घंटे तक अर्थात लगभग प्रतिदिन तीन चार घंटे अघोषित विद्युत कटौती की जाती है ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बरसात के दिनों में जहां विद्युत की ज्यादा आवश्यकता होती है वहां जानबूझकर बिना कारण के प्रतिदिन 5 से 6 घंटा अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में ऑप्टिकल वायर से विद्युत सप्लाई की जा रही है जिसमें तकनीकी खराबी आने की संभावना कम होती है इसके बावजूद विद्युत आपूर्ति बिजली को जानबूझकर काटा जाता है। जहां शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया,ज्ञापन सौंपने के दौरान उपस्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुमार सिंह देव, पूर्व अध्यक्ष शक्कर कारखाना विद्या सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी,बनवारी लाल गुप्ता,सतीश चौबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष जगत लाल आयाम, वरिष्ठ कांग्रेसी इम्तियाज जफर,प्रियंकल तिवारी,अवधेश सिंह, सरपंच जालिम साय,मुमसाद खान मोना, मुमसाद खान, बाबू दुबे, तनवीर अंसारी,राजा हसन, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता ग्रामीण लोगों की मौजूदगी में दिया गया ज्ञापन जल्द हो ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्रों में व्यवस्था बहाल,,हो सके.

# सरगुजा में जमीन के पट्टे के बदले बीट गार्ड ने राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों से ली बकरा,मुर्गा और दारू के साथ हजारों रूपये की रिश्वत

- संवाददाता -
मैनपाट,24 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के मैनपाट में वन विभाग के एक वन रक्षक ने वन भूमि का पट्टा दिलाने के बदले राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरवा परिवारों से रिश्वत के रूप में रुपए तो लिए ही, साथ ही साथ इन राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों से रिश्वत में बकरा मुर्गा और खूब शराब लिया।

सरगुजा जिले के मैनपाट में वन विभाग के एक वन रक्षक ने वन भूमि का पट्टा दिलाने के बदले राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरवा परिवारों से रिश्वत के रूप में रुपए तो लिए ही, साथ ही साथ इन राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों से रिश्वत में बकरा मुर्गा और खूब शराब लिया. वहीं दूसरी तरफ रिश्वत लेने वाले वन विभाग के कर्मचारी का यहां से तबादला हो गया और जमीन का पट्टा नहीं मिला तो रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है।

### जमीन के पट्टे के बदले बीट गार्ड ने राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों से ली बकरा, मुर्गे की रिश्वत

सरगुजा के मैनपाट के ग्राम असकला के जंगल में पहाड़ी कोरवा जनजाति के कई परिवार कई दशक से मकान बनाकर रह रहे हैं और खेती कर जीविकोपार्जन करते है।. यहां कई राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों ने अपना मकान बना लिया है और हुए इस जमीन का वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टा पाने के लिए आवेदन जमा किया लेकिन इसके बाद भी उन्हें जमीन का पट्टा नहीं दिया गया। यही वजह है कि यहां पिछले 15 सालों से पदस्थ वनरक्षक के द्वारा पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोगों से रिश्वत के रूप में बकरा मुर्गा और शराब के साथ हजारों रुपए लिए गए। जबकि सरकार के द्वारा सालों से जंगलों में रहकर जीविकोपार्जन कर रहे लोगों के लिए ही सरकार के द्वारा वन अधिकार अधिनियम लागू किया गया था ताकि उन्हें जमीन का हक मिल सके लेकिन रिश्वतखोर ऐसे कर्मचारियों के द्वारा पहाड़ी कोरवा सहित दूसरे विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को परेशान किया जाता रहा है. इतना ही नहीं इन पहाड़ी कोरवा परिवारों को अब यहां से दूसरे लोग भी भगाने के लिए लगे हुए हैं ऐसे में यहां के पहाड़ी कोरवा दहशत में है और कह रहे हैं कि आखिर कई दशक तक यहां रहने के बाद आखिर उन्हें हटा दिया जाएगा तो वे खेती किसानी कैसे कर पाएंगे।



राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों ने यहां पर इन दिनों अपने कब्जे की जमीन पर धान सहित मक्के की खेती की हुई है और उनके कई मकान बने हुए हैं हालांकि यहां पहुंचने का रास्ता काफी कठिन है क्योंकि पहाड़ी रास्ते से होकर यहां पहुंचना पड़ता है। पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोगों का कहना है कि वे यहां पर खेती कर किसी तरीके से अपना जीविकोपार्जन कर रहे हैं. यहां रह रहे पहाड़ी कोरवा सुखन कोरवा, मायाराम, रामनाथ, दयाराम, नहर साय, नानसाय, मना राम, लांजा राम, रति राम ने बताया कि उन्होंने वन विभाग के कर्मी को अब तक 10 से अधिक बकरा और 20 से अधिक मुर्गियां साथ ही तीन-तीन हजार रुपए रिश्वत भी दिए थे. पटवारी ने उन्हें कहा था कि वह जंगल की जमीन पर अतिक्रमण करने वाला दस्तावेज तैयार कर देगा और इससे उन्हें आसानी से वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टा मिल जाएगा लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

### रिश्वत लेने वाले वन विभाग के कर्मचारी का हुआ तबादला

वहीं दूसरी तरफ इस मामले में प्रभारी रेंजर भारद्वाज ने इससे संबंधित कुछ भी जानकारी नहीं होने की बात कही तो वन रक्षक राम कृपाल ने फोन रिसीव नहीं किया। यहां पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोग कई दशक से खेती किसानी कर रहे हैं लेकिन यहां दूसरे लोग भी धीरे-धीरे जंगल की जमीन प्रर् अतिक्रमण कर खेती कर रहे हैं लेकिन उस पर भी कड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है ऐसे में यहां का जंगल भी अब खतरे में दिखाई दे रहा है। वही जिस बीट गार्ड पर पहाड़ी कोरवा रिश्वत लेने का आरोप लगा रहे हैं उसका नाम रामकृपाल सिंह बताया जा रहा है. जिसे विभाग के अधिकारियों का भी संरक्षण प्राप्त था, वरना कोई बीट गार्ड एक ही जगह पर 10 साल से अधिक समय तक कैसे पदस्थ रह सकता था। वहीं वन विभाग का रिश्वतखोर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की की मंशा नहीं है और यही वजह है कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में जंगल में अतिक्रमण करने वाले लोगों और वन कर्मचारी के बीच एक तरफ जहां विवाद की स्थिति बनती है तो दूसरी तरफ रिश्वतखोरी के भी गंभीर आरोप लगते हैं। इस पूरे मामले में तो वन विभाग के रिश्वतखोर कर्मचारियों के खिलाफ जहां वन विभाग को ठोस कार्रवाई करनी चाहिए. वहीं राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों को जमीन में हक दिलाने के लिए काम करने की जरूरत है।

CMYK

# पहले बैकुंठपुर जनपद उपाध्यक्ष अपने दल की कांग्रेस विधायक के साथ दिखा करती थी

# अब विपक्षी पार्टी के विधायकों के साथ दिखा करती हैं?

### क्या जनपद उपाध्यक्ष भाजपा में शामिल होने वाली हैं या सिर्फ मतलब साध रही है?



### जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर अब भाजपा विधायक की शरण में:सूत्र



### कांग्रेस की पूर्व विधायक की करीबी थीं कभी खुद कांग्रेस से विधायक के टिकट के लिए की थी दावेदारी भी




## बैकुंठपुर के भाजपा विधायक को मांग पत्र लिखकर स्वीकृत कार्यों का श्रेय लेने का आरोप लगा रहे जनपद उपाध्यक्ष पर

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

बैकुंठपुर जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष अब भाजपा विधायक की शरण में जा पहुंची हैं। पूर्व की कांग्रेस विधायक की खास वहीं कांग्रेस पार्टी की ही सक्रिय सदस्य खुद विधानसभा में कांग्रेस की ही दावेदार रह चुकी जनपद उपाध्यक्ष पर अब यह आरोप लगा है की उन्होंने भाजपा विधायक की शरण ली है और पहले से ही स्वीकृत कार्यों का वह श्रेय लेना चाह रही हैं।

बता दें की जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर ने बैकुंठपुर विधायक को पत्र लिखा है और कुछ निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान कराने की मांग की है वहीं कुछ लोगों का कहना है की मांग पत्र में से कुछ कार्य पहले ही स्वीकृत हो चुके हैं और जनपद उपाध्यक्ष केवल श्रेय लेने के लिए पत्र लिख रही हैं। जनपद उपाध्यक्ष ने चार मांग किया है बैकुंठपुर विधायक से जिसमे ग्राम पंचायत छींदिया में मुक्तिधाम निर्माण कार्य, ग्राम छींदिया से रामपुर ठाकुर पारा होते हुए शिवपुर पहुंच मार्ग डामरीकृत कार्य, ग्राम छींदिया के उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिलाए जाने की मांग, ग्राम छींदिया के धान खरीदी केंद्र को पूर्ण सोसायटी का दर्जा दिलाए जाने की मांग। जनपद उपाध्यक्ष के मांग पत्र को लेकर लोगों का यह कहना है की कुछ कार्य स्वीकृत हैं और उनका श्रेय उपाध्यक्ष लेना चाहती हैं वहीं वह चुनावी वर्ष होने के कारण ऐसा प्रयास या दिखावा कर रही हैं वहीं उनके भाजपा विधायक को पत्र लिखे जाने के बाद यह भी माना जा रहा है की अब उनका भाजपा की तरफ झुकाव भी हो रहा है वहीं कुछ का यह भी कहना है की जब विधानसभा चुनाव परिणाम के दिन कांग्रेस प्रत्याशी की हार हुई थी उस दिन हार की मिठाई खाने वाले में यह भी शामिल थीं इनके सहयोगी भी शामिल थे और इससे यह जाहिर है की इनका समर्थन तब कांग्रेस प्रत्याशी को नहीं मिला था। वैसे आरोप जो भी लगे यह बात देखी गई है की जनपद उपाध्यक्ष स्थाई तौर पर किसी को भी विश्वास में लेकर या किसी के भी विश्वास में रहकर काम नहीं कर पाई हैं। पहले वह कांग्रेस विधायक की सबसे खास थीं अब वह भाजपा विधायक से निर्माण कार्य की मांग कर रही हैं। कुल मिलाकर यदि देखा जाए तो निर्माण कार्य स्वीकृत कराने वाले से ही उनका जुड़ाव ज्यादा कायम रहने वाला है दलीय कोई उनकी बाध्यता नजर आती है लगता दिखता नहीं।





श्रीमति आशा महेश साहू
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत बैकुन्ठपुर

-: निवास :-
ग्राम- कोचिला, पो.- पटना
जिला- कोरिया (छ०ग०)
मो० - 8305115289

क्रमांक 318 दिनांक 21/09/2024

प्रति,
माननीय श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री,
छत्तीसगढ़ शासन।

विषय:- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने बाबत्।

महोदय,
विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम पंचायत छिन्दिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने की आवश्यकता है जिससे क्षेत्र की ग्रामीणजनों को स्वास्थ्य का लाभ मिल सके।

| क्र | प्रस्तावित स्वास्थ्य केन्द्र | सम्मिलित ग्राम पंचायत |
|---|---|---|
| 1 | छिन्दिया | 1. तेन्दुआ<br>2. छिन्दिया<br>3. बिरगुड़ा<br>4. कोचिला<br>5. रामपुर (प)<br>6. पसला<br>7. शिवपुर<br>8. अमहार<br>9. तरगंवा<br>10. खोरी |

अतः नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।

संलग्न- पूर्व में प्रस्तुत आवेदन पत्र की छायाप्रति।

प्रतिलिपि-
1. माननीय ज्योत्सना चरणदास महन्त जी, (सांसद कोरबा)
2. माननीय भईयालाल राजवाड़े जी, (विधायक बैकुन्ठपुर पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन)

(श्रीमति आशा महेश साहू)
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत बैकुन्ठपुर
जिला- कोरिया (छ०ग०)।

### क्या जनपद उपाध्यक्ष अपने लिए आगामी पंचायती चुनाव के लिए स्वार्थ साधने में जुटी है?

राजनीति में कब कौन किस करवट बैठ जाए कहा नहीं जा सकता, यदि ऊंट की करवट वाली कहावत से तुलना की जाए तो सही होगा। आजकल बैकुंठपुर की जनपद उपाध्यक्ष को लेकर भी यही चर्चा है और यह चर्चा आम हो गई है की या तो जनपद उपाध्यक्ष अपने लिए आगामी पंचायती चुनाव के लिए स्वार्थ साध रही हैं या फिर अब उनका झुकाव भाजपा की तरफ हो चला है? बैकुंठपुर विधानसभा से विधानसभा चुनाव में खुद को कांग्रेस से दावेदार बनाने के लिए दिल्ली दरबार तक जोर आजमाइश करने वाली जनपद उपाध्यक्ष जिन्होंने बैकुठपुर की तत्कालीन कांग्रेस विधायक जिनकी वह कभी खास हुआ करती थीं परछाईं थीं का भी उन्होंने विरोध कर दिया था, उनके साथ ही जहां वह हर जगह दिखाई देती थीं अब आजकल सत्ता परिवर्तन होते ही वहीं पंचायती चुनाव समीप आते ही भाजपा विधायकों के साथ नेताओ के साथ नजर आने लगी हैं और उनसे अनुनय निवेदन कार्य आदेश कराने ज्ञापन सौंपने लगी हैं, जिसके बाद यह सवाल उठाने लगा है की क्या जनपद उपाध्यक्ष अपना राजनितिक भविष्य भाजपा म देख रही है?

### जनपद उपाध्यक्ष मांग पत्र प्रस्तुत कर क्षेत्र में सक्रियता साबित करने में जुटी

बता दें की हाल ही में जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर जिन्हे कांग्रेस का माना जाता है और वह हैं भी कांग्रेसी बैकुंठपुर विधायक के पास भी पहुंची थीं और स्वास्थ्य मंत्री और मनेंद्रगढ़ विधायक के पास भी उनका जाना हुआ था और दोनो ही जगह उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुछ मांग पत्र प्रस्तुत किया है। मांग पत्र प्रस्तुत किया जाना एक तरफ वहीं चर्चा है की या तो वह अब अपने क्षेत्र में सक्रियता साबित करने प्रयास साबित करने में जुटी हैं या वह भाजपा प्रवेश की मंशा बना चुकी हैं। पूरे अपने अब तक के कार्यकाल के दौरान निर्माण कार्यों और लाभ अर्जित करने में ही ज्यादातर व्यस्त रही उपाध्यक्ष अब मांग पत्र के साथ दौड़ लगा रही हैं कभी क्षेत्रीय विधायक तो कभी स्वास्थ्य मंत्री के पास। वैसे उनकी मांगे क्षेत्र के लिए आवश्यक मांग है लेकिन लोगों का कहना है की यह सब वह कांग्रेस शासन के कार्यकाल में भी पूर्ण करा सकती थीं लेकिन तब वह निर्माण कार्यों में ही व्यस्त रहीं और अब जब चुनाव सामने है वह यह जाहिर करने में लगी हुई हैं की वह क्षेत्र के लिए सजग हैं गंभीर हैं और वह क्षेत्र को कई सौगात दिलाने प्रयासरत हैं।

### भाजपाइयों से नजदीकियों की वजह से ही जनपद उपाध्यक्ष की विधानसभा टिकट कांग्रेस से खारिज हुई थी?

वैसे जनपद उपाध्यक्ष की विधान सभा के लिए टिकट की मांग कांग्रेस से इसलिए भी खारिज हुई थी क्योंकि उनकी नजदीकियां भाजपाइयों से साबित करने में कांग्रेसी सफल हुए थे वहीं यदि अब वर्तमान परिदृश्य में बात की जाए तो वह फिर भाजपाइयों के ही साथ नजर आ रही हैं और अटकलें हैं की वह भाजपा प्रवेश कर सकती हैं। भाजपा विधायक की जीत और कांग्रेस विधायक की हार की मिठाई खाती तस्वीर उनकी वैसे भी वायरल हुई थी तब कई बातें बनाई गई लेकिन अब जब भाजपा विधायकों से वह मांग कर रही हैं और उनके साथ तस्वीरें साझा कर रही हैं यह कहना गलत नहीं होगा की उनकी मंशा भाजपा प्रवेश की भी हो सकती है।

## लिपिक संघ की प्रतापपुर में हुई मासिक बैठक





-संवाददाता-
प्रतापपुर,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ी लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 79 का तहसील स्तरीय मासिक बैठक विकासखंड प्रतापपुर के खंड स्त्रोत समन्वय सभा मे आयोजित किया गया। संघ द्वारा लगातार सभी विकासखंड में बैठक आयोजित कर विभिन समस्याओं एवं सुझाव पर चर्चा किया गया। उक्त बैठक में लिपिको के समस्याओं को सुना गया और संगठन को मजबूत करने के संबंध में चर्चा की गई। सभी लिपिक साथी एक स्वर में संगठन के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए लिपिक एकता जिंदाबाद के नारे लगाकर संगठन को मजबूत करने के लिए एक स्वर में सहमति प्रदान किये। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हुलेश्वर प्रसाद गुप्ता जी द्वारा सभी लिपिकों को 79 के संगठन में एक जूट रहने एवं एक दूसरे साथियो का सहयोग करते हुए दायित्व को निर्वाहन करने के लिए सुझाव दिया गया, इस पर सभी लिपिक साथियो ने एक साथ करतल ध्वनि से प्रस्ताव का स्वागत किया। इस दौरान हुलेश्वर प्रसाद गुप्ता जिला अध्यक्ष सूरजपुर, सुशील कुमार टोप्पो प्रदेश महामंत्री, राम सुमेर मिश्रा प्रांतीय सचिव, अनुजेशवर पांडे जिला संरक्षक, साहब लाल कुर्रे जिला उपाध्यक्ष, श्री अमित कुमार कश्यप तहसील अध्यक्ष, श्री रामजीत सिंह, श्री अखिलेश सिंह, श्री बेसाहू सिंह, श्री राजू कुमार ध्रुव, श्री बसंत कुमार तिवारी, श्री राम जीत, राम श्री वासुदेव, श्री राम लखन, सिंह श्री रवि शंकर शुक्ला, श्री निखिल त्रिपाठी, श्रीमती उर्मिला, श्री जितेंद्र, श्री महेश, श्री ऋषभ पटेल, श्री शकील अहमद खान, श्री अजय कुमार सिंह एवं अन्य लिपिक साथी उपस्थित रहे।

## साप्ताहिक बाजार में चलाया गया स्वच्छता अभियान




-संवाददाता-
सुरजपुर,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान के तहत ''स्वच्छता ही सेवा-2024'' अंतर्गत जनपद पंचायत भैयाथान के ग्राम पंचायत सलका में शासकीय कन्या हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सलका के साप्ताहिक बाजार में स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ, मानव श्रृंखला एवं एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया, साथ ही स्वच्छता ग्राही दीदियों को नारियल फल देकर सम्मानित किया गया एवं बच्चों को प्रोत्साहित किया गया कि आपके घर में जाकर स्वच्छता के बारे में जानकारी दें और कचरा इधर-उधर ना फेंके। सूखा कचरा स्वच्छता दीदियों को ही दें और उनका सम्मान करें। इसी प्रकार जनपद पंचायत ओडगी में सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणों द्वारा श्रमदान एवं स्वच्छता शपथ लिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाना एवं स्वच्छता बनाए रखना।

## सहायिका एवं कार्यकर्ता पद में भर्ती के लिये दलाल सक्रिय

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

जनपद पंचायत खड़गवां महिला बाल विकास विभाग में परियोजना एवं विकास खंड स्तर के आंगनवाड़ी केन्द्रो में सहायिका एवं कार्यकर्ता के पद पर भर्ती करने के लिये आवेदन आमंत्रण किया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार सहायिका कार्यकर्ता पद भर्ती होने कि खबर से जनपद में बैठे जनप्रतिनिधि और जनपद पंचायत के बाहर के कुछ लोग क्षेत्र में नियुक्ति का झाँसा देकर वसूली करने वाले दलाल सक्रिय हो गये है क्षेत्र में दलाल अपने अपने सम्पर्क सूत्रों के माध्यम से आवेदिकाओ तक पहुंचकर मोटी रकम कि मांग करने कि जानकारी सामने आ रही है। कुछ आवेदको ने नाम न छापने कि शर्त पर बताया कि जनपद पंचायत के कुछ लोगों के नाम से हमसे सम्पर्क कर भर्ती के लिये हजार रूपये तक मांगने कि बात कही गई है। इस तरह महिला बाल विकास विभाग परियोजना में सहायिका भर्ती में दलाल सक्रिय नजर आ रहे हैं। इस पर महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी को इस पर विशेष नियंत्रण एवं निष्पक्ष और पारदर्शीता से इस भर्ती प्रकिया को किया जाना है जिससे भर्ती प्रकिया में दलाल सक्रिय ना हो सके ?

## स्वास्थ्य विभाग के नाक के नीचे झोलाछाप डॉक्टरों का चल रहा अवैध कारोबार

### ग्रामीणों की जान को खतरा




-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

विकासखंड खडगवा पोडी कोडा के दूरस्थ इलाकों मे झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा अवैध क्लीनिक भी खोल कर गांव की भोली-भाली जनता का इलाज कर ग्रामीणो की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। क्षेत्र में गलत इलाज के कई मामले सामने आये हैं। स्वास्थ्य विभाग के नाक के नीचे चल रहे झोलाछाप डॉक्टरों का अवैध धंधा ग्रामीणों की जान का दुश्मन बन कर मरीजों की जान से खेल रहा है। जानकारी के अनुसार प्रशासन के द्वारा कुछ समय पहले एक बार पोडी क्षेत्र में दवाइयों दुकानो की जाच कर अपने कार्य की खानापूर्ति कर ली गई थी।

विकासखंड खडगवा के पोडी में लंबे समय से झोलाछाप डाक्टर निजी क्लीनिक खोलकर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर इलाज कर रहे हैं। ऐसा नहीं है इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को नहीं है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इनके खिलाफ बीच बीच में कार्रवाही के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। झोलाछाप डाक्टरों के इलाज से कई मरीज काल के गाल में समा चुके है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग कुंभकरणीनींद में है। जानकारी के अनुसार इन फर्जी दवाखानों में मरीज की जांच से लेकर दवाइयां, भर्ती करने के लिए बेड, आदि सब कुछ है। लेकिन डॉक्टरों के पास उचित डिग्री नही है। ऐसे में सहज समझा जा सकता है मरीजों का कैसे इलाज होता होगा । क्षेत्र की जनता का स्वास्थ्य झोलाछाप डाक्टरों के हाथ में चला गया है फर्जी डिग्रीधारी डाक्टरों ने गांवों में पांव पसार रखे हैं। एक मकान या दुकान किराए पर लेकर झोलाछाप डॉक्टर अपना दवाखाना खोलकर बैठ गए है। चिकित्सा विभाग व प्रशासन द्वारा महज इक्का-दुक्का कार्रवाई होने और ठोस कार्रवाई अमल में नहीं होने से झोलाछाप धड़ल्ले से जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रह है।

एमबीबीएस की तरह इलाज वैसे तो झोलाछाप डॉक्टर फोड़ा-फुंसी या सिर दर्द जैसी बीमारी का इलाज करने के लिए भी अधिकृत नहीं है। लेकिन गांव की ग्रामीणो को यह बड़ा डॉक्टर बताकर ठग रहे है और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यह डॉक्टर मलेरिया, खांसी, सर्दी-जुकाम सहित कई बडी बीमारियों का इलाज भी करते है। भोली भाली जनता से पैसा वसूलने के लिए यह डाक्टर मरीज को भर्ती करके ड्रिप चढ़ाने, इंजेक्शन लगाने सहित घायलों को पट्टी करने और कई बार टांके लगाने तक के काम कर लेते है। कई बार कार्रवाई हुई लेकिन मामला रफा-दफा खड़गवां विकास खंड में झोलाछाप डॉक्टरों का व्यापार फल-फूल रहा है। बिना उचित डिग्री के कर रहे इलाज?

# क्या नागपुर तहसील में पदस्थ महिला कर्मचारी के उगाही और दुर्व्यवहार से लोग है बेहद परेशान ?



## हर काम के लिए इन्होंने तय किए रेट,पति के माध्यम से करवाती है किसानों से उगाहीः सूत्र

## क्या महिला कर्मचारी का पति दिनभर रहता है नागपुर क्षेत्र में सक्रिय ?

## क्या पत्नी के लिए किसानों से करता पति सौदेबाजी ?

-रवि सिंह-
चिरिमिरी,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।
नागपुर तहसील कार्यालय में पदस्थ एक महिला कर्मचारी का आतंक सर चढ़कर के बोल रहा है, किसी भी प्रकार के तहसील से संबंधित कार्यों को पूरा करने लिए यदि क्षेत्र के किसान सहित अन्य नागरिक जाते हैं तो उक्त महिला कर्मचारी उनसे लगातार दुर व्यवहार करती आ रही है, और बड़ी राशि की मांग करती है जिसकी शिकायत स्थानीय नागरिकों सहित जनप्रतिनिधियों ने पूर्व में लिखित और मौखिक कलेक्टर साहब से की थी, लेकिन अभी तक यह महिला कर्मचारी के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया है बल्कि अब और बेबाक ढंग से लोगों से वसूली और बदसुलूकी करने लगी है, इस महिला कर्मचारी का पति भी इसका पूरा साथ दे रहा है किसानों सहित अन्य जरूरतमंदों से खुद उनके घर जाकर काम करवा देने के एवज में पैसे वसूल रहा है। यह आरोप शिकायत के अनुसार है दैनिक घटती घटना इस की पुष्टि नहीं करता है।

विदित हो कि क्षेत्र के आम जनों को तहसील से संबंधित कार्यों में तेजी लाने और आम नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने पिछले वर्ष नागपुर क्षेत्र में एक नायाब तहसीलदार की नियुक्ति की थी जिसका लोगों ने आत्मीयता से स्वागत किया था निश्चित तौर पर क्षेत्र के लिए हर्ष का विषय था लोगों को ऐसा लगने लगा था कि अब अपने तहसील से संबंधित एवं अन्य कार्यों के लिए उन्हें मनेद्रगढ़ जाना पड़ता था, अब वह कार्य सरलता से नागपुर में ही संपन्न हो सकेगा, लेकिन उनका क्या पता था कि एक ऐसी महिला कर्मचारी का उनसे सामना करना पड़ेगा जो उनकी समस्या के निराकरण के बजाय खुद ही उनके लिए समस्या बन करके खड़ी रहेगी, हर एक मामले में वह नकारात्मक बात करती है और काम नहीं हो पाएगा अभी नहीं हो पाएगा तहसीलदार मैडम अभी नहीं है, आपको बहुत दिक्कत है तो आप तहसील ऑफिस मनेद्रगढ़ चले जाइए, टालने का काम करती है, आधे समय वह कार्यालय में भी नहीं रहती कई लोगों ने तो यह भी शिकायत की है कि वह उनसे उसके काम के एवज में पैसे की भी मांगे करती है और पैसा नहीं देने की स्थिति में काम को उलझा देती है और काफी बार पेसी बुलाती परेशान करती है, इन्होने हर एक कार्य का रेट फिक्स कर रखा है अगल-बगल कई दलाल और इसका पति सक्रिय रहते हैं, क्योंकि यह महिला कर्मचारी इसी क्षेत्र की रहने वाली है तो इसका और इसके पति का अपना अलग नेटवर्क है, वह व्यक्ति देखकर के सौदेबाजी करती है और पति एवं अन्य दलालों के माध्यम से पैसे की उगाही करती है।

## किसानों को धमका रास्ते की मांग कर रही है

वही यह भी खबर है कि सेंधा के एक ग्रामीण किसान से किसी जमीन से संबंधित कार्य कार्य के लिए इन लोगों ने डेढ़ लाख रुपए की उगाही ही की है, यही नहीं यह महिला अपने कम समय में कई जगह जमीन भी खरीद ली है नागपुर गैस एजेंसी के बगल में किसने एक बड़ी जमीन खरीदी है और उसमें घर भी बना ली है, लेकिन उसमें पहुंच मार्ग नहीं होने के कारण अगल-बगल के किसानों को धमका रही है और रास्ते की मांग कर रही है, नहीं देने की स्थिति में उनको किसी भी शासकीय प्रकरण में फंसा देने की बात करती है.. इसका पति दिनभर नागपुर आदि क्षेत्रों में घूम कर सिर्फ इसके बताए गए किसानों से सेटिंग करता है धमकता है उगाही करता है, क्षेत्र के भोले भाले नागरिकों की जमीन को सस्ते दामों में खरीद कर शहर के लोगों को बेचने का भी काम करता है इसके खिलाफ भी लोगों में बहुत आक्रोश बढ़ता दिख रहा है इन दोनों पति पत्नियों के आतंक से क्षेत्र के लोग काफी परेशान हो चले हैं लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित जिला के आला अधिकारियों से इस महिला कर्मचारी से मुक्ति दिलाने की लगातार मांग की है किंतु उन सब के बावजूद भी यह चिड़चिड़ी महिला कर्मचारी उक्त स्थान पर जमी हुई है।

## घर तक पहुंच सुविधा देने की मंशा क्या ऐसे कर्मचारी के कारण नहीं पूरी हो पा रही ?

उल्लेखनीय रहे कि राज्य सरकार की आम जनमानस को उसके घर तक पहुंच सुविधा देने की मंशा शायद इस महिला कर्मचारी के कारण नहीं पूरी हो पा रही है, ऐसा नहीं है कि इस महिला कर्मचारी की शिकायत आला अधिकारियों से नहीं की गई है, महिला कर्मचारी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होने से जहां इसके और हौसले बुलंद होते जा रहे हैं वहीं क्षेत्र के गरीब किसान एवं नागरिक काफी परेशान हो चले हैं जल्द ही एक बड़ा आंदोलन कर इस महिला कर्मचारी पर कार्यवाही एवं हटाने की मांग करने की योजना बन रही है।

## पीड़ित का नंबर पति को दे देती है फिर पति उनसे संपर्क करता है

एक दलाल ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि भैया कुछ पैसा मुझसे ले ली है और अभी पैसे भी मेरा वापस नहीं दे रही है, पता तो यह भी चला है कि यह पीड़ित का नंबर ले लेती है और अपने पति को दे देती है फिर इसका पति उनसे संपर्क करके उनसे पैसे लेकर फिर काम करवाता है।



# कोरबा में औद्योगिक प्रगति से हो रहा आर्थिक विकास

-संवाददाता-
कोरबा,24 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।
औद्योगिक विकास का असली मकसद है वहां रहने वाले नागरिकों को समृद्ध बनाना। समृद्धि का पर्याय उत्पादन और उत्पादकता के कीर्तिमानों भर से नहीं है बल्कि कारखाने से प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से जुड़े नागरिकों के जीवन स्तर में उठाव और उनके चेहरों पर आने वाली मुस्कान ही विकास का असली मानदंड है। छत्तीसगढ़ में बालको की प्रगति का अर्थ सरकारी राजस्व में वृद्धि प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार के अवसरों में बढ़ोत्तरी, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिक्षा स्वावलंबन, बिजली, सड़क जैसी आधारभूत संरचना के विकास, पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन, प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसरों से भी है। कोरबा एक औद्योगिक नगरी है जहां पर विभिन्न कंपनियां अपने विकास कार्यों से इसे नई उंचाईयों पर लेकर जा रहे हैं। इन्हीं में से एक बालको हमेशा अपने स्थानीय समुदाय के जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहा है। कर्मचारियों की भलाई के साथ-साथ कंपनी ने छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध रहा है। आज छत्तीसगढ़ में बिजली, कुशल श्रमिक, भरपूर खनिज तथा रॉ मटेरियल बहुतायत में उपलब्ध है जो इसे आधारभूत संरचना, स्टील, एल्यूमिनियम उद्योग आदि में निवेश के लिए सबसे आकर्षक स्थान बनाता है। बालकों ने विनिवेश के बाद दो दशकों में ऐसे रचनात्मक माहौल के प्रोत्साहन की वकालत की है जो अधिक से अधिक रोजगार और उद्यमिता के अवसरों के सृजन की बात करता है। संयंत्र के माध्यम से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से छत्तीसगढ़ के स्थानीय नागरिक देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, इस दिशा में निरंतर प्रयास किए गए हैं। इसी का परिणाम है कि आज बालकों में कार्यरत कुल मानव श्रम का अधिकांश हिस्सा छत्तीसगढ़ का है। इसी प्रकार 84 फीसदी नियमित कर्मचारी तथा 86 प्रतिशत आउटसोर्सड कर्मचारी छत्तीसगढ़ राज्य से हैं।
कंपनी ने 'पंछी परियोजना' के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की 86 बेटियों के चयन और उनकी रूचि अनुसार उन्हें उचित शिक्षा दिलाने तथा उच्च औद्योगिक उपक्रम में काम करने के लिए प्रशिक्षित कर रहा है। इस कदम से उन बेटियों को कुछ नया कर दिखाने का हौसला मिलेगा जिनकी प्रगति की उड़ान पूरी तरह से थम चुकी थी। 'पंछी परियोजना' की मदद से ये महिलाएं विकास की मुख्यधारा से जुड़ कर दुनिया को यह दिखा सकेंगी कि अगर जज्बे को सही प्रेरणा मिल जाए तो आकाश की ऊंचाइयां इनके मजबूत इरादों के पंखों से जीती जा सकती हैं। दिव्यांग और थर्ड जेंडर समुदाय के युवा भी वेदांता समूह की प्रगतिशील परियोजनाओं का हिस्सा बनकर देश की आत्मनिर्भरता में योगदान करने में सक्षम हुए हैं। बालको अपने कर्मचारियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई नीतियां और योजनाएं लागू किया है। इनमें से कुछ नीतियां और योजनाएं हैं- बालको अपने कर्मचारियों के बच्चों के विकास में मदद करने के लिए पेरेंटहुड चाइल्डकेयर पॉलिसी प्रदान करता है। कर्मचारियों को नियमित समय पर वेतन तथा उत्कृष्ट कार्य के लिए निरंतर पुरस्कार एवं सम्मान देकर प्रोत्साहित किया जाता है। कर्मचारियों को उत्कृष्ट श्रेणी की सुविधाओं के साथ रहने एवं खाने के लिए क्वार्टर, हॉस्टल तथा कैंटीन उपलब्ध है। उत्पादकता बढ़ाने के लिए कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और सुरक्षा कार्यक्रमों की व्यवस्था है। बालको कर्मचारी अपने कर्तव्यों को सुरक्षित और कुशलता से पूरा करने के लिए कटिबद्ध हैं। कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों की भलाई, सुरक्षा और विकास को प्राथमिकता देकर बालको ने खुद को सफलता के लिए तैयार किया है।

# अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री करने वाले पर पुलिस ने की कार्यवाही

-संवाददाता-
कोरबा,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू0बी0एस0 चौहान (रा0पु0से0) एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का (रा0पु0 से0) के दौरान कानून व्यवस्था मजबूत करते हुए अवैध शराब ब्रिकी करने वाले एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त पुलिस अधिकारीयो को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के पालन में क्षेत्र में मुखबीर को सक्रिय किया गया, मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर दादरखुर्द कोरबा में संतोषी बाई अगरिया पति स्व0 तारासिंह उम्र 38 वर्ष सा0 दादरखुर्द चौकी मानिकपुर थाना कोतवाली जिला कोरबा के पास से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब व बिक्री रकम 100 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।
उक्त कार्यवाही में निरीक्षक एम0बी0 पटेल थाना प्रभारी कोतवाली के कुशल मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी नवीन पटेल के नेतृत्व में, मप्रआर0 स्मिता बेक, आर0 संजय रात्रे, प्रदीप राठौर, गंगा राम डांडे एवं अन्य स्टाफ के द्वारा की गयी कार्यवाही ।



# समावेशी शिक्षा अंतर्गत प्रधान पाठक,शिक्षक व पालक का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।
राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के तत्वाधान में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा सूरजपुर श्री रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना संचालक समग्र शिक्षा श्रीमती कमलेश नन्दिनी साहू के निर्देशन में तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्री राम ललित पटेल एवं श्री शशिकांत सिंह (जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा) के मार्गदर्शन में सहायक जिला परियोजना अधिकारी श्री रविन्द्र सिंहदेव एवं सहायक परियोजना समन्वयक समावेशी शिक्षा श्री शोभनाथ चौबे के प्रयास से जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत विभिन्न प्रकार के दिव्यांगों के संबंध में विधिवत जानकारी के लिये 124 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों, शिक्षकों एवं हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी विद्यालयों के 122 प्राचार्य तथा व्याख्याताओं एवं पालकों, अभिभावकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय कन्या



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर के सभा कक्ष में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री आशीष कुमार भट्टाचार्य एवं समावेशी शिक्षा प्रभारी श्री शोभनाथ चौबे के द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया। श्री चौबे जी के द्वारा समावेशी शिक्षा के सभी पहलुओं पर सविस्तार प्रकाश डाला गया साथ ही प्राचार्य श्री भट्टाचार्य जी के द्वारा पेरिस ओलंपिक 2024 में दिव्यांगों की उपाधि बताते हुए उनके जीवन से अनुकरणीय पहलुओं पर प्रकाश डाले । प्रशिक्षण को आगे बढाते हुए मास्टर ट्रेनर्स श्री प्रमोद कुमार टण्डन एवं श्री किशोर कुमार मुखर्जी श्रीमती राधा नंदी (बी.आर.पी समावेशी शिक्षा) के द्वारा प्रशिक्षण के निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार समावेशी शिक्षा की गतिविधियां, चिन्हांकन हेतु प्रश्नावली, दिव्यांग बच्चों से व्यवहार के तरीके, दिव्यांगता के 21 प्रकार, नई शिक्षा नीति, एवं समावेशी शिक्षा की अवधारणा, निशक्तजन अधिकार अधिनियम 2016, दिव्यांगजनों की जीवन बेहतर बनाने की कवायद,समावेशी शिक्षा की उद्देश्य एवं पालक/अभिभावक की भूमिका, माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी अधिसूचना की जानकारी आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। कार्यशाला में जिले के सभी विकास खंडों से आए बी0आर0पी0 समावेशी शिक्षा में क्रमशः विनोद कुमार यादव, श्री रमाकांत नर्मदा, श्रीमती इन्दुवती तिग्गा तथा स्पेशल एजुकेटर समावेशी शिक्षा में कु, नीलम पटेल, कु, कविता सिंह, एवं योगेश चन्द्राकर ,भोजन एवं अन्य समुचित व्यवस्था हेतु श्री हर्ष नारायण शर्मा प्रधान पाठक , गौरीशंकर पाण्डेय जन शिक्षक विश्रामपुर, भृत्यों मे श्री ईश्वर सिंह, सुदर्शन एवं नरेन्द्र सिंह का सहयोग सराहनीय रहा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर.छ0ग0**

रा.प्र.क्र. ब/121
ग्रा- प0ह0न0

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती पति स्व0 बंशीलाल जाति तेली निवासी विरमताल प0ह0नं0 रा0नि0मं0 भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर, छ0ग0 द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र/पुत्रि कुसुम, आषिश कुमार,कृष्ण कुमार का जन्म दिनांक 15/10/2005,14/04/2007,01/01/2012 को ग्राम बिरमताल में हुई है, अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र/पुत्रि बिरमताल का जन्म प्रमाण का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत बिरमताल को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 27/09/24 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं कया जावेगा।
आज दिनांक 11/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
तहसील भैयाथान

# जिला स्तरीय कला उत्सव आयोजन का किया गया शुभारंभ

-संवाददाता-
सूरजपुर,24 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।
स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवापारा में ''सरस्वती साइकिल योजना'' के अंतर्गत कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 24 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। साथ ही जिला स्तरीय कला उत्सव 2024 आयोजन का शुभारंभ प्रेमनगर विधानसभा विधायक श्री भूलन सिंह मरावी, भीमसेन अग्रवाल, संजू आनंद सोनी, अजय अग्रवाल, किरण खेस,



व अन्य सम्मानीय सदस्यगण तथा विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार झा व समस्त स्टाफ के उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्रा विभिन्न विधा जैसे- एकल गायन, समूह गायन, एकल वादन, नाटक, नृत्य, द्वि व त्रि आयामी चित्रकला इत्यादि में हर्षोउल्लाश के साथ अपने कला का प्रदर्शन किया। साथ ही साथ इन विधाओं में निपूर्ण/पारंगत निर्णायक मंडल में श्री कृष्ण चन्द्र पुरी, श्रीमंती सीमा भारती, श्रीमती संध्या दुबे, श्रीमति शशि दुबे, श्री रमेश गुप्ता एवं श्री. कृष्ण कुमार ध्रुव उपस्थित रहे। इसी क्रम में द्वितीय दिवस कला उत्सव कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया व कार्यक्रम का समापन किया गया।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)बलरामपुर,जिला बलरामपुर-रामानुजगंज(छ.ग.)**

-:: ईश्तहार ::-

ग्राम पंचायत-पुटसुरा
तहसील व विकासखण्ड-बलरामपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत पुटसुरा को सूचित किया जाता है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान पुटसुरा के तत्कालीन संचालनकर्ता-अध्यक्ष,सचिव,खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति पुटसुरा द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन कार्य में अनियमितता बरतने के फलस्वरूप उनको शासकीय उचित मूल्य दुकान पुटसुरा का आबंटन निरस्त किया जा चुका है। फलस्वरूप ग्राम पंचायत पुटसुरा के शासकीय उचित मूल्य दुकान को नये एजेंसी को आबंटित किया जाना है। अतः जो संस्था शासकीय उचित मूल्य दुकान पुटसुरा का संचालन करना चाहती है वे अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में दिनांक 04/10/2024 तक इस कार्यालय में जमा कर सकता है। समय-सीमा के बाद प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 20/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी।

जी.नंबर-242502695/1
अनुविभागीय अधिकारी(रा)
बलरामपुर

CMYK

## संक्षिप्त खेल की खबरें



### ग्रीन पार्क स्टेडियम में दो बल्लेबाजों ने लगाए हैं सबसे ज्यादा टेस्ट शतक

**कानपुर, 24 सितंबर 2024।** भारतीय क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा।इस मैदान पर भारतीय टीम ने 23 टेस्ट में से 7 मैच जीते हैं और 3 में हार झेली है।दूसरी तरफ बांग्लादेशी टीम ने अब तक यहां पर कोई टेस्ट नहीं खेला है।इस बीच यहां पर सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।
पूर्व भारतीय बल्लेबाज गुंडप्पा विश्वनाथ का ग्रीन पार्क स्टेडियम में शानदार रिकॉर्ड रहा है।शीर्षक्रम के इस बेहतरीन बल्लेबाज ने इस मैदान पर 7 टेस्ट की 12 पारियों में 86.22 की उम्दा औसत के साथ 776 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 3 शतक और 4 अर्धशतक लगाए थे।इस मैदान पर उनकी सर्वोच्च पारी 179 रन रही थी।वह टेस्ट प्रारूप में कानपुर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

### हमें पंत को शांत रखना होगा: पैट कमिंस



**नई दिल्ली, 24 सितंबर 2024।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की खेल को संभालने की क्षमता को लेकर चिंतित हैं और उन्होंने कहा कि उनकी टीम को आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 26 वर्षीय बल्लेबाज को शांत रखने की जरूरत है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ 22 नवंबर से शुरू होगी। इस सीरीज़ में भारत और ऑस्ट्रेलिया 22 नवंबर से 7 जनवरी, 2025 तक पर्थ, एडिलेड (गुलाबी गेंद का मैच), ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में खेलेंगे।

# टीम इंडिया बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने के लिए तैयार



**» साउथ अफ्रीका का रिकॉर्ड तोड़ेगी टीम इंडिया... केवल इतनी ही टीमें रह जाएंगी आगे...**

नई दिल्ली, 24 सितंबर 2024। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच अब करीब है। दूसरा मुकाबला कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में 27 सितंबर से खेला जाएगा। सीरीज का पहला ही मैच जीतकर टीम इंडिया सीरीज में बढ़त बना चुकी है और अब बारी बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने की है। इस बीच भारतीय टीम अगर अगले मैच में भी बांग्लादेश को पटकनी देने में सफल होती है तो साउथ अफ्रीका का रिकॉर्ड ध्वस्त हो जाएगा। इसके बाद भारत से ज्यादा टेस्ट जीतने वाली केवल तीन ही टीमें रह जाएंगी।

### ऑस्ट्रेलिया ने अब तक जीते हैं 400 से ज्यादा टेस्ट मैच

विश्व क्रिकेट में सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने वाली टीम ऑस्ट्रेलिया है, जो अब तक 414 मुकाबले जीत चुकी है। ऑस्ट्रेलिया अकेली ऐसी भी टीम है, जिसने 400 से ज्यादा मैच जीते हैं। उसके आसपास भी कोई नहीं है। इसके बाद दूसरे नंबर पर इंग्लैंड है। इंग्लैंड ने अब तक 397 टेस्ट मैच अपने नाम किए हैं। ये दोनों टीमें इतना आगे हैं कि कोई दूसरी टीम आने वाले कई साल तक इनकी बराबरी नहीं कर पाएगी। इस लिस्ट में तीसरे नंबर की टीम की बात की जाए तो वो वेस्टइंडीज की टीम है। टीम ने अब तक 183 मैच जीते हैं। कहां 400 जीत और कहां 183 जीत, इससे समझा जा सकता है कि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया बाकी टीमें से कितने आगे हैं। इस वक्त भले ही वेस्टइंडीज की टीम कमजोर नजर आती हो, लेकिन एक वक्त था, जब उसका एकछत्र राज हुआ करता था।

### भारत और साउथ अफ्रीका अभी बराबरी पर

इन टॉप की तीन टीमों के बाद नंबर आता है भारत और साउथ अफ्रीका का। वैसे तो टीम इंडिया साउथ अफ्रीका से भी पीछे थी, लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट जीतकर उसकी बराबरी पर आ गई है। दोनों टीमें अब तक 179 मैच अपने नाम कर चुकी हैं। यानी भारतीय टीम अगर अगला मैच जो कानपुर में होगा, वो भी जीत जाती है, तो उसके जीत हुए मैचों की संख्या 180 पहुंच जाएगी और इसके बाद टीम नंबर चार पर आसानी से काबिज हो जाएगी। इतना ही नहीं, इस सीरीज के तुरंत बाद अक्टूबर में ही भारत और न्यूजीलैंड के भी बीच तीन मैचों की सीरीज खेली जाएगी। यानी भारत के पास वेस्टइंडीज की भी बराबरी करने का मौका होगा।

### भारत के जीते हुए मैचों की संख्या हारे हुए मैचों से ज्यादा

भारत के लिए अच्छी बात ये भी है कि उसने अभी तक 580 मुकाबले खेले, वहीं साउथ अफ्रीका की टीम 466 टेस्ट मैच खेल चुकी है। बात अगर वेस्टइंडीज की करें तो उसने भी भारत के ही बराबर 580 मैच खेले हैं। भारतीय टीम ने हाल ही में चेन्नई टेस्ट जीतकर अपने हारे हुए मैचों से ज्यादा मैच जीते हैं। भारत के करीब 92 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब जीते हुए मैच ज्यादा और हारे हुए मैच कम हो गए हैं। जिस तरह का प्रदर्शन टीम इंडिया ने पहले मैच में किया था, उससे तो नहीं लगता कि बांग्लादेश की टीम उसे टक्कर दे पाएगी। ऐसे में जीत करीब करीब पक्की सी लग रही है, लेकिन ये खेल है और कभी भी कुछ भी हो सकता है। ऐसे में भारतीय टीम को पूरी तरह से अलर्ट होकर ही मैदान में उतरना होगा।

# दूसरे टेस्ट में भी नहीं खेल पाएंगे सरफराज खान



नई दिल्ली, 24 सितंबर 2024। भारतीय घरेलू क्रिकेट में अगले महीने ईरानी कप का मुकाबला खेला जाएगा जिसमें मुंबई और शेष भारत आमने-सामने होंगे। इस मुकाबले के लिए बीसीसीआई मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान को भारतीय टीम से रिलीज कर सकता है। भारत घरेलू सत्र का यह वार्षिक मुकाबला 1 से 5 अक्टूबर तक लखनऊ में खेला जाएगा, जबकि भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क में खेला जाएगा। ऐसे में सरफराज का बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भी खेलना मुश्किल लग रहा है।
जब तक टीम में कोई चोट की समस्या नहीं होती है तब तक सरफराज ईरानी कप में मुंबई की टीम का हिस्सा होंगे। इससे साफ है कि सरफराज को अपने मौके के लिए और लंबा इंतजार करना होगा क्योंकि दूसरे टेस्ट में भारत छठे नंबर पर केएल राहुल पर भरोसा करना जारी रखेगा।ईरानी कप में अजिंक्य रहाणे शेष भारत के खिलाफ रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई की कप्तानी करेंगे जबकि सर्जरी से उबरने के बाद हरफनमौला शार्दुल ठाकुर इस मुकाबले से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में वापसी करेंगे। इस मैच में मुंबई की ओर से श्रेयस अय्यर, मुशीर खान, शम्स मुलानी और तनुश कोटियान जैसे कई शीर्ष खिलाड़ियों का खेलना लगभग तय है।

### सरफराज खान के खेलने पर संशय

ईरानी कप का एक अक्टूबर से आगाज होगा और भारतीय टीम में शामिल सरफराज खान के इस मैच में भागीदारी को लेकर चीजें अभी साफ नहीं है। एक सूत्र ने कहा कि भारत के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर चाहते हैं कि नेट पर आखिरी समय में चोट लगने या टीम इंडिया के किसी भी मुख्य बल्लेबाज की फिटनेस संबंधी समस्या को छोड़कर सरफराज को टीम इंडिया से रिलीज कर दिया जाए ताकि वह ईरानी कप में खेल सकें। किसी भी स्थिति में कानपुर से लखनऊ पहुंचने में लगभग एक घंटा लगता है, इसलिए सरफराज कानपुर टेस्ट शुरू होने के काफी समय बाद भी लखनऊ के लिए रवाना हो सकते हैं।

### तुषार देशपांडे रहेंगे बाहर

मुंबई 24 सितंबर को ईरानी कप के लिए अपनी टीम की घोषणा करेगी। उनके तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे इस मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि हाल ही में उनके टखने और घुटने की सर्जरी हुई है। सूत्र ने कहा कि देशपांडे के अगले कुछ महीनों तक उपलब्ध रहने की संभावना नहीं है। वह रणजी ट्रॉफी के शुरुआती दौर में भी नहीं खेल पाएंगे। वह सबसे पहले नवंबर में सैयद मुश्ताक अली ञ20 ट्रॉफी के लिए वापसी कर सकते हैं।

# इस खिलाड़ी ने अचानक कर दिया रिटायरमेंट का ऐलान



### 15 साल के करियर का हुआ अंत

**स्कॉटलैंड,24 सितंबर 2024।** स्कॉटलैंड स्कॉटलैंड के 35 साल के गेंदबाज अलास्डेयर इवांस ने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने स्कॉटलैंड के लिए साल 2009 में डेब्यू किया था और अब साल 2024 में उनके संन्यास लेते ही 15 साल के करियर का अंत हो गया है। उन्होंने स्कॉटलैंड के लिए 42 वनडे मैचों में 58 विकेट और 35 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 41 विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने स्कॉटलैंड के लिए वनडे वर्ल्ड कप 2015, टी20 वर्ल्ड कप 2016 और 2021 में हिस्सा लिया था।

### सोचा नहीं था इंटरनेशनल क्रिकेटर बनूंगा: अलास्डेयर इवांस

अलास्डेयर इवांस ने कहा कि मुझे याद है कि जब मैंने कनाडा के खिलाफ एबरडीन ग्राउंड में डेब्यू किया था, तो एक रात मुझे मुख्य कोच पीट स्टिंडल का फोन आया। उन्होंने टीम से कवर के तौर पर जुड़ने के लिए कहा उस समय स्क्वाड में बहुत सारे चोटिल प्लेयर्स थे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि बड़ा होकर मैं एक इंटरनेशनल क्रिकेटर बनूंगा। इसलिए जब पहली कॉल आई, तो मैंने सोचा कि यह एक मजाक था। उन्होंने कहा कि ऐसी महान टीम का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है जिसने स्कॉटलैंड में खेल को आगे बढ़ाने में मदद की है, ऐसे स्तर पर जहां विश्व कप में जाना आदर्श है। टीम को अब गेम जीतते हुए देखना मुझे गौरवान्वित करता है। इतने सालों तक टीम का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

# मुझे टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने का कोई अफसोस नहीं है: धवल कुलकर्णी



**जोधपुर, 24 सितंबर 2024।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने कहा कि उन्हें देश के लिए टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने का कोई अफसोस नहीं है और वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए अपने पांच रणजी ट्रॉफी खिताब से संतुष्ट हैं।
कुलकर्णी, जिन्होंने 2014 में बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए पदार्पण किया था, ने देश के लिए 12 वनडे मैच और दो टी20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल 22 विकेट लिए। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज को अपने प्रभावशाली घरेलू करियर के बावजूद कभी भी टेस्ट क्रिकेट में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला।
96 प्रथम श्रेणी मैचों में, उन्होंने मुंबई के लिए 27.11 की औसत से 285 विकेट लिए, जिसमें 15 बार पांच विकेट लेने का कारनामा शामिल है।
अनुभवी गेंदबाज ने बताया कि उनके समय में भारतीय टीम में भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, उमेश यादव और इशांत शर्मा जैसे अच्छे तेज गेंदबाज थे, जिससे टीम में उनके मौके कम हो गए।
कुलकर्णी ने कहा, मेरे समय में भारतीय टीम में तेज गेंदबाज थे जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे और इसी वजह से मैं टेस्ट नहीं खेल पाया। मुझे इसका कोई अफसोस नहीं है। मैंने जब भी भारत के लिए खेला, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मैं इससे संतुष्ट हूं। मैंने मुंबई के साथ पांच रणजी खिताब जीते हैं जो एक बड़ी उपलब्धि है और मैं इससे बहुत खुश हूं।

# लक्ष्मी,पोलोसाक आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारियों में शामिल




**दुबई, 24 सितंबर 2024।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को घोषणा की कि दस अंपायर और तीन मैच रेफरी 3 से 20 अक्टूबर तक यूएई में बांग्लादेश द्वारा आयोजित आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के नौवें संस्करण में अंपायरिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे।
अंपायरों के अनुभवी समूह में क्लेयर पोलोसाक सहित अनुभवी अधिकारी शामिल हैं, जो अपने पांचवें आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अंपायरिंग करेंगी,जबकि किम कॉटन और जैकलीन विलियम्स पिछले फरवरी में मेजबान दक्षिण अफ्रीका और अंतिम चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के बीच केप टाउन में फाइनल की जिम्मेदारी संभालने के बाद अपने चौथे विश्व कप में अंपायरिंग करेंगी।
सू रेडफर्न, जो उस फाइनल के लिए टीवी अंपायर थीं, टूर्नामेंट में अपनी चौथी उपस्थिति के लिए भी वापस आ गई हैं। स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर पर, जिम्बाब्वे की सारा डंबनेवाना अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराएंगी।
मैच रेफरी की टीम में भारत की जीएस लक्ष्मी शामिल हैं, जिन्होंने 2012 में अपना पहला टी20 मैच रेफरी किया था और 2023 में फाइनल की देखरेख की थी। उनके साथ शैंड्रे फ्रिट्ज़ और मिशेल परेरा भी हैं, जो अपने दूसरे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अंपायरिंग कर रही हैं।
आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक-अंपायर और रेफरी, सीन ईज़ी ने कहा: आईसीसी को हमारे खेल में महिलाओं की उन्नति में योगदान देने पर गर्व है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारियों की इस पूरी तरह से महिला लाइनअप की घोषणा करना अद्भुत है। द्विपक्षीय और अन्य क्रिकेट मैचों में अपने हालिया प्रदर्शन के आधार पर इस आयोजन के लिए सबसे योग्य अंपायरों के रूप में चुने गए इस समूह में दुनिया भर के कुछ बेहतरीन अंपायर शामिल हैं।
उन्होंने कहा, हमें पूरा विश्वास है कि वे इस आयोजन में शानदार प्रदर्शन करेंगे। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे दुनिया की शीर्ष महिला क्रिकेटरों की देखरेख करेंगे, जो सभी के लिए एक रोमांचक टूर्नामेंट होगा।

### आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारी :

मैच रेफरी का आईसीसी एलीट पैनल:- शैंड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा।
अंपायरों का आईसीसी एलीट पैनल:- लॉरेन एगेनबैग, किम कॉटन, सारा डंबनेवाना, अन्ना हैरिस, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसाक, वृंदा राठी, सू रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, जैकलीन विलियम्स।
खुद को 2024 का चैंपियन कहने के अधिकार के लिए दस टीमें दुबई और शारजाह में 18 दिनों में 23 मैच खेलेंगी।



### भारत और जर्मनी के बीच खेले जाएंगे दो मैचों की सीरीज

**नई दिल्ली, 24 सितंबर 2024।**भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था जहां यूरोप की दिग्गज टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की थी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ''जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है और यह श्रृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी।''

# जिस ट्रेन से अक्षय कुमार सफर कर रहे थे उसी में चढ़े चंबल के डाकू

### जान बचाने के लिए सोने का नाटक करते रहे एक्टर




चंबल के डाकुओं की कहानी और किस्से तो हमने खूब पढ़े हैं, लेकिन उससे आमना-सामना किसी का शायद ही हुआ हो। हालांकि, अक्षय कुमार उनमें से हैं जिनका सामना यहां के खतरनाक डाकुओं से हुआ था। उन्होंने बताया कि जब डाकुओं पर इनकी नजर पड़ी तो कैसे उन्होंने सोने का नाटक किया था और बड़ी मुश्किल से उनकी जान बची। ये किस्सा अक्षय कुमार ने खुद सुनाया था। अक्षय कुमार की फिल्में लंबे समय से बढ़िया परफॉर्म नहीं कर रही, लेकिन अब उनकी अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन से तगड़ी उम्मीद है। हाल ही में रिलीज हुई अक्षय कुमार के कैमियो वाली फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर अब तक धमाल मचा रही है। हालांकि, चंबल के डाकुओं वाली कहानी कोई फिल्म के सेट का या शूटिंग का किस्सा नहीं, बल्कि उनके साथ सच में घटा था। अनुपम खेर के चैट शो में कुछ भी हो सकता है में अक्षय कुमार ने रियल लाइफ में घटी दिल दहला देने वाली ये कहानी सुनाई थी।

### सारा सामान रखा था और जैसे चंबल आया तो डाकू ट्रेन में चढ़ गए

अक्षय कुमार ने इसी चैट शो में बताया था कि एक बार वो ट्रेन में सफर कर रहे थे और उन्हें पता लगा कि ट्रेन में डकैत चढ़ गए हैं और वो भी चंबल के।उन्होंने अपनी कहानी विस्तार से बताई और कहा, मैंने करीब साढ़े 4 -5 हजार का सामान खरीदा था, जिसमें मेरे कपड़े थे। सारा सामान रखा था और जैसे चंबल आया तो डाकू ट्रेन में चढ़ गए। वे मेरी बोगी के अंदर आए... और मैं सोया हुआ था।

### आहिस्ते-आहिस्ते वो मेरे पास भी आ गए

उन्होंने आगे बताया, दरअसल मेरे साथ है कि जरा सी आवाज होती है तो आंख खुल जाती है और मैंने देखा डाकू....मैंने बोला- बेटे अब कुछ मत बोलना, चुप चाप आराम से सोए रहना। अब मैं देख रहा हूं वो सबका सामान उठा रहे, और आहिस्ते-आहिस्ते वे मेरे पास भी आ गए और मेरा सामान भी उठ गया। मैं अगर शोर मचाता तो मुझे गोली मार देते।

### सारा सामान उठा कर ले गए, उन्होंने मेरी चप्पल तक नहीं छोड़ी

एक्टर ने कहा, मैं देख रहा हूं और रो रहा हूं... फिर सारा सामान उठा कर ले गए यहां तक कि उन्होंने मेरी चप्पल तक नहीं छोड़ी। वो लोग सीट के नीचे रखी लोगों की चप्पलें भी ले गए। समझिए उन्होंने कुछ भी नहीं छोड़ा, मैंने तो 4500 का सामान लिया था और जब मैं दिल्ली स्टेशल उतरा तो मेरे हाथ में कोई सामान नहीं था।

# अपने जीवन में शांति और स्थिरता चाहती हैं अभिनेत्री दीक्षा सोनलकर



वर्तमान में धारावाहिक कैसे मुझे तुम मिल गए में इशिका के रूप में दर्शकों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री दीक्षा सोनलकर ने कहा कि वह जीवन के ऐसे दौर में प्रवेश कर चुकी है जहां वह केवल शांति और स्थिरता की चाहत रखती है।दीक्षा ने इस पर बात करते हुए कहा, मुझे लगता है कि मैं अपने जीवन के उस चरण में पहुंच गई हूं जहां मैं शांति और स्थिरता के लिए तरसती हूं। मुझे हर सुबह उठना और काम पर जाना बहुत पसंद है। शो कैसे मुझे तुम मिल गए ने हमेशा दर्शकों को प्रासंगिक कहानियां दी हैं। हमारे शो ने घरेलू हिंसा, पॉक्सो, तलाक आदि जैसे मुद्दों को उठाया है, जिन्हें बहुत कम शो दिखाते हैं। हमारी कहानी कभी भी जरूरत से ज?यादा लंबी नहीं होती। हम इन ट्रैक को एक आसान गति से आगे बढ़ाते हैं जो इसे दर्शकों के लिए और दिलचस्प बनाता है।इशिका के किरदार पर बात करते हुए दीक्षा ने कहा, शो कैसे मुझे तुम मिल गए में इशिका एक 30 वर्षीय युवा लड़की है जो एक बड़े विवाहित व्यक्ति से प्यार करती है। उम्र के अंतर के बावजूद, वह उससे सच्चा प्यार करती है और सुनिश्चित करती है कि वह उसके लिए अपनी पत्नी और बच्चों को छोड़ दे। वह एक मजबूत महिला है जो वह चाहती है उसे पाने के लिए वह किसी भी हद तक जा सकती है।दीक्षा ने कहा, उसकी लगन और महत्वाकांक्षा मेरे लिए एक जैसी है, लेकिन इसके अलावा दोनों के व्यक्तित्व में बहुत अंतर है। इशिका जो कुछ भी करती है और कहती है, उससे उसके आस-पास के लोगों को ठेस पहुंचती है, वह मैं नहीं करूंगी।उन्होंने आगे कहा, इस शो को अब 11 महीने हो गए हैं और मैंने बहुत अच्छा समय बिताया है। हम सभी एक बड़े परिवार की तरह उभरे हैं और ईमानदारी से हम ऐसे दृश्यों का इंतजार करते हैं, जहां हम सभी मौजूद हों। यह हर समय हमारे आसपास बहुत मजेदार और सकारात्मकता है।दीक्षा बानी- इश्क दा कलमा और महाराणा प्रताप जैसे शो का भी हिस्सा रही हैं।

# हाईकोर्ट ने रोकी बुलडोजर की कार्रवाई

## जब तहसीलदार को लगाई फटकार..तो नौसिखिया होने का रोना रोते हुए मांगी माफी

**बिलासपुर,24 सितम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक ऐसे मामले में तहसीलदार को कड़ी फटकार लगाई, जिसमें इस अधिकारी ने ग्रामीण को शाम के वक्त वाट्सएप पर नोटिस भेजा और अगले दिन पहुंच गए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने। बरपाली के तहसीलदार से कोर्ट ने पूछा कि ऐसी जल्दबाजी क्यों की गई और तहसीलदार के खिलाफ क्या कार्रवाई होनी चाहिए। इस पर अधिकारी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए क्षमा मांगी और प्रोबेशन (प्रशिक्षु) होने का हवाला दिया। कोर्ट ने अधिकारी को चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटाने पर लगी रोक को आगे बढ़ा दिया है।

### काफी जल्दी थी अतिक्रमण हटाने की

कोरबा जिले के बरपाली तहसील के ग्राम कनकी निवासी नूतन राजवाड़े को 20 सितंबर की शाम 6 बजे बरपाली के प्रभारी तहसीलदार चंद्रशेखर चंद्रा ने वाट्सएप पर बेदखली नोटिस भेजा। अगले दिन, 21 सितंबर की सुबह, तहसीलदार ने दलबल के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। काफी प्रयास के बाद इस कार्रवाई को रोका जा सका।

अर्जेन्ट में हियरिंग की थी हाई कोर्ट ने

इस कार्रवाई के खिलाफ नूतन राजवाड़े ने अधिवक्ता रजनीश सिंह बघेल और चेतना शर्मा के माध्यम से याचिका दायर की। अवकाश के दिन अर्जेंट सुनवाई के दौरान जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू की बेंच ने कार्रवाई पर रोक लगाते हुए तहसीलदार को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया था।





सोमवार को सुनवाई के दौरान जस्टिस पी. पी. साहू ने तहसीलदार चंद्रशेखर चंद्रा से पूछा कि बरपाली से एसडीओ कार्यालय की दूरी कितनी है। अधिकारी ने बताया कि यह 20 किलोमीटर है। कोर्ट ने पूछा कि अपील खारिज होने की सूचना कब मिली, जिस पर तहसीलदार ने कहा कि शाम 6 बजे फोन से सूचना मिली थी। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि क्या आप जैसा चाहेंगे, वैसा ही करेंगे? कोर्ट ने यह भी पूछा कि आपके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। तहसीलदार ने माफी मांगी और शपथ-पत्र देकर भविष्य में गलती नहीं दोहराने की बात कही है।

### 4 बुलडोजर लेकर पहुंच गए थे तहसीलदार

इस मामले में पीड़ित नूतन रजवाड़े ने बताया कि उसकी जिस जमीन को सरकारी बताया जा रहा है वह उसकी पुश्तैनी है और गलत तरीके से नापजोख कर उसे बेदखल करने की कार्रवाई की जा रही थी। नूतन ने इस भूभाग पर सब्जियां लगा रखी है। तहसीलदार चंद्रा ने इस भूभाग को अतिंक्रमण बताते हुए शाम को व्हाट्सएप्प किया और अगली सुबह 4 बुलडोजर (जेसीबी) लेकर अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंच गए।

### एक एकड़ फसल को उजाड़ दिया बुलडोजर से

नूतन ने बताया कि तहसीदार के निर्देश पर दस्ते ने बुलडोजर से सब्जी की फसल को उजाड़ना शुरू कर दिया, जबकि वह बार-बार हाई कोर्ट के स्टे आदेश की जानकारी देता रहा। आखिरकार उसने जब ऑनलाइन हाई कोर्ट के आदेश को देखने को कहा तब तहसीलदार चंद्रा ने आदेश को देखा और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोकी। हालांकि तब तक तक उनका दस्ता लगभग एक एकड़ सब्जी की फसल को उजाड़कर वहां पर शासकीय भूमि होने का बोर्ड गाड़ चुका था।नूतन का कहना है कि इस मामले में प्रशासन ने मनमानीपूर्वक कार्रवाई की है और वे इस दौरान हुए नुकसान की भरपाई के लिए अपने वकील से चर्चा करके दावा पेश करेंगे।



# देर रात ड्राइवर की हत्या करने वाले 3 नशेड़ियों को गिरफ्तार किया पुलिस ने

**» महज 50 रूपये नहीं मिलने पर चाकू मार कर भागे थे हमलावर...**

**रायपुर,24 सितम्बर 2024 (ए)।** राजधानी में मरीन ड्राइव के नाम से मशहूर तेलीबांधा तालाब परिसर में देर रात एक युवक के ऊपर हमला कर भागे तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बुरी तरह घायल युवक की बाद में मौत हो गई थी। सीसीटीव्ही फुटेज की मदद से करीब 19 घंटे तक चली तलाशी के बाद इन्हें पकड़ा गया।

अंबिकापुर निवासी ईश्वर रजवाड़े रविवार को एसडीओ राजीव पाठक को कार में लेकर रायपुर आया था। रात को नींद नहीं आने की वजह से वह अपने भांजे के साथ तेलीबांधा जलाशय के पास टहलने के लिए पहुंच गया।इसी दौरान ये तीनों बाइक सवार बदमाश, नशे की हालत में वहां पहुंचे और ईश्वर से 50 रूपए मांगने लगे। मना करने पर वे ईश्वर का मोबाइल छीनने लगे। इस दौरान ईश्वर ने युवकों के साथ संघर्ष किया। इसी बीच इनमें से एक ने ईश्वर के सीने, पेट और हाथ में चाकू से वार कर दिया, जिससे वह वहीं ढेर हो गया। मौके पर मौजूद भांजे ने एक घंटे तक 108,112 और पुलिस की मदद पाने के लिए कोशिश करता रहा, लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला और जब उसे किसी तरह अस्पताल ले गया तो डॉक्टरों ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है।

### पुलिस की 10 टीमों ने शुरू किया तलाशी अभियान

हत्या की इस वारदात के बाद राजधानी में बवाल मच गया। इस बीच पुलिस ने 10 विशेष टीमों का गठन कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस-पास के सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेज का अवलोकन करते हुए आरोपियों को मोवा पण्डरी की ओर जाना पाया गया। जिस पर पुलिस टीम ने मोवा पण्डरी इलाके में पुराने बदमाश, चाकूबाज, नशेडि़यों, अड्डेबाजों, हाल में रिहा हुए बदमाशों की तलाश में सघन चेकिंग अभियान चलाया। और शाम तक तीनों को पकड़ लिया। इनमें रोहित बघेल पिता शल्लू बघेल सूरज उर्फ खिड़की और हरीश बघेल निवासी गांधीनगर थाना सिविल लाईन शामिल हैं। तीनों को आज कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### महिला विधायक के बयान से मचा सियासी गलियारे में बवाल



**रायपुर,24 सितम्बर 2024(ए)।** धर्मांतरण का मुद्दा समय-समय पर उठता रहा है। विधानसभा चुनाव से पहले भी धर्मांतरण को लेकर जमकर बवाल मचा था। इस मुद्दे को लेकर पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने एक दूसरे के खिलाफ जमकर बयानबाजी की थी।

इसी कड़ी में जशपुर से भाजपा विधायक रायमुनि भगत ने ईसाई धर्म को मानने वालों और प्रभु यीशु मसीह को लेकर ऐसा बयान दिया कि सियासी गलियारे में बवाल मच सकता है। विधायक रायमुनि भगत का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है।

भाजपा विधायक रायमुनि भगत किसी कार्यक्रम में पहुंचीं हैं। इस दौरान भाजपा विधायक भगत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज ईसाई लोग अल्पसंख्यक होने के डर से अपने आप को सबसे बड़ा आदिवासी मान रहे हैं। मैं इस मंच के माध्यम से कहीं अगर सुन रहे हों तो अपनी बात पहुंचाना चाहती हूं। जो लोग अपने आप को यीशु मसीह की औलाद समझते हैं, वो ये जान लें कि यीशु मसीह वो यीशु मसीह हैं जो अपने आप को सूली पर ठोंक दिए थे। उन्होंने आगे कहा कि लहु लुहान उसको कोड़ा मारते-मारते पहाड़ पर चढ़ा दिए, जो खुद को नहीं बचा पाया वो हमें क्या बचाएगा?

### पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 2 माओवादी हुए ढेर



**सुकमा,24 सितम्बर 2024(ए)।** जिले के थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत करकनगुड़ा के जंगल-पहाड़ी में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें डीआरजी, सीआरपीएफ व कोबरा के जवानों ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया। करकनगुड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बटालियन सप्लाई टीम और जगरगुंडा एरिया कमेटी की 30-40 नक्सलियो की उपस्थित सूचना सुरक्षा बलों को मिली थी। इस पर जिला बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर और 206 वाहिनी कोबरा की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इलाके में घेराबंदी की गई।

करकनगुड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बटालियन सप्लाई टीम और जगरगुंडा एरिया कमेटी की 30-40 नक्सलियो की उपस्थित सूचना सुरक्षा बलों को मिली थी। इस पर जिला बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर और 206 वाहिनी कोबरा की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इलाके में घेराबंदी की गई।

इस दौरान नक्सलियों की तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। इधर सुरक्षाबलों की टीम ने भी जवाबी फायरिंग करते हुए नक्सलियों को जवाब दिया। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को सफलता हासिल हुई और 2 नक्सलियों को ढेर कर दिया। मुठभेड़ के बाद घटना स्थल की सर्चिंग करने पर सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में नक्सलियों की डंप सामाग्रियों को बरामद किया है।

# सड़क दुघटना मामले में हाईकोर्ट हुआ सख्त

**» मुख्य सचिव को दिया 15 दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश**

**रायपुर,24 सितम्बर 2024 (ए)।** बदहाल सड़कों और मवेशियों के कारण हो रहे हादसों पर दायर जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में हुई। कोर्ट ने इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव को 15 दिन के भीतर शपथपत्र दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने राज्य शासन से पूछा कि सड़कों पर आवारा पशु लगातार नजर आ रहे हैं, फिर भी नगर निगम और पालिका परिषद जैसी एजेंसियां इस पर लगाम कसने में विफल क्यों हो रही हैं। कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर खराब सड़कों और मवेशियों की मौजूदगी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्या सिर्फ नेशनल हाईवे अथॉरिटी पर सड़कों की मरम्मत और देखरेख की जिम्मेदारी है?

इस याचिका को 2019 में राजेश चिकारा और संजय रजक ने दायर किया था, जिसमें बदहाल सड़कों और मवेशियों की वजह से होने वाले हादसों पर चिंता जताई गई थी। याचिका में कहा गया था कि मुख्य सड़कों और शहर की गलियों में आवारा पशुओं की मौजूदगी के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्गों पर, जहां रात के समय मवेशियों की वजह से गंभीर हादसे हो चुके हैं। मामले की अगली सुनवाई अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में निर्धारित की गई है, जिसमें मुख्य सचिव द्वारा दाखिल शपथपत्र की समीक्षा की जाएगी।



# नशे में धुत भाजपा नेता और समर्थकों ने अस्पताल में की तोड़फोड़




**» तीनो आरोपी पुलिस की हिरासत मे**

**भिलाई,24 सितम्बर 2024 (ए)।** भिलाई के सुपेला लाल बहादुर शास्त्री अस्तपाल में भाजपा नेता के समर्थकों ने अस्पताल में तोड़फोड़ और नर्स स्टाफ से गाली-गलौज की। इसकी सूचना सुपेला पुलिस की दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। घटना सुबह लगभग पांच से छह बजे के बीच बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो गाड़ी में चार से पांच युवक शराब के नशे में धुत होकर सुपेला अस्पताल पहुंचे और अस्पताल में वार्ड बॉय के साथ नर्सिंग स्टाफ से गाली-गलौज और बदतमीजी करने लगे। अस्पताल में तोड़फोड़ भी की गई। इसके बाद अस्पताल की नर्सों ने उनका वीडियो बना लिया। सुपेला पुलिस ने अपराध दर्ज कर भाजपा नेता समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।




# पटाखा गोदाम में लगी भीषण आग

**» मौके पर पहुँची दमकल टीम**

**बिलासपुर,24 सितम्बर 2024 (ए)।** पटाखा गोदाम में भीषण आग लगातार धमाकों की वजह से आसपास के लोग दहशत में हैं और पुलिस भी भीड़ को नियंत्रित करने में मुश्किलों का सामना कर रही है। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि स्थिति को काबू करने में दमकल की कई गाड़ियां लगातार दो घंटे से प्रयासरत हैं। धमाकों के बीच राहत कार्य करने में दमकल कर्मियों को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। आग पर काबू पाने के लिए गोदाम की दीवार को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया, ताकि अंदर फंसे पटाखों तक पहुंचा जा सके।

घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों के अनुसार गोदाम के अंदर भारी मात्रा में पटाखे होने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। लगातार धमाकों के चलते आसपास के इलाकों को खाली करवाया गया है, और लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस और प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि वे घटनास्थल से दूर रहें और बचाव कार्य में बाधा न डालें।हालांकि, आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, लेकिन प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने घटना की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं और राहत कार्य जारी है।



### जेपी नड्डा 26 सितंबर को होंगे राजधानी में

**रायपुर,24 सितम्बर 2024 (ए)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रायपुर आएंगे। नड्डा के तय कार्यक्रम के मुताबिक 26 सितंबर को वह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। नड्डा रायपुर में प्रदेश सरकार के मंत्रियों, विधायकों और सांसदों से मुलाकात करेंगे। संगठन के सभी बड़े नेताओं के साथ एक बैठक भी लेंगे। फिलहाल सामने आई जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में जेपी नड्डा प्रदेश में चल रहे सदस्यता अभियान का को लेकर एक रिव्यू मीटिंग भी करेंगे। भाजपा के सदस्यता अभियान में अपना टारगेट पूरा कर चुके सांसद विधायक और अलग-अलग इलाकों के जन प्रतिनिधियों से वन टू वन चर्चा करेंगे।

# आईएस की परीक्षा रद्द करने की याचिका हाईकोर्ट से खारिज



**रायपुर,24 सितम्बर 2024 (ए)।** सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2018 के अभ्यर्थियों के लिए राहत की खबर सामने आयी है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने परीक्षा रद्द करने की याचिका खारिज कर दी है। पूर्व में भी सिंगल और डबल बेंच परीक्षा रद्द करने की याचिका खारिज कर चुकी है।

छत्तीसगढ़ सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2018 के अभ्यर्थियों के द्वारा लगातार भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी करने की मांग की जा रही है। वहीं इस परीक्षा में असफल होने वाले अभ्यर्थी बार बार परीक्षा रद्द करने की याचिका लगा रहे हैं। लेकिन उन्हे बार बार हाईकोर्ट से झटके पर झटका मिल रहा है। एक बार फिर से हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए असफल अभ्यर्थियों द्वारा दायर की गई उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया कि सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2018 का परिणाम पांच सालों बाद भी जारी नहीं किया जा सका है, ऐसे में परीक्षा रद्द कर देना चाहिए और नए सिरे से फिर परीक्षा का आयोजन किया जाए। लेकिन हाईकोर्ट ने यह याचिका खारिज कर दी है।

# 100 से अधिक हाथियों का झुंड गांव में घुसा

**» बिना जान की परवाह किये लोग खदेड़ने पहुंचे**

**रायगढ़,24 सितम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से हाथियों के उत्पात की खबरें सामने आ रही है। इस बीच रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा के ग्राम कोईलार में आज सुबह एक बड़े हादसे की आशंका उत्पन्न हो गई जब 100 से अधिक हाथियों का झुंड अचानक गांव में घुस आया। हाथियों के आमद से पूरे गांव में हड़कंप मच गया और लोग एकजुट होकर हाथियों को देख अपनी जान जोखिम में डालकर पास पहुंचे और हाथियों को खदेड़ने की कोशिश करने लगे। हैरान करने वाली बात यह है कि ग्रामीणों को अपनी जान का डर नहीं था। हाथियों के विशाल झुंड को खदेड़ने के लिए उसके पास जाने से बड़ी घटना हो सकती थी. हालंकि गनीमत रही कि हाथियों ने कोई आक्रामकता नहीं दिखाई और हाथियों का दल आगे की ओर बढ़ गया।




# तांत्रिक ने सिद्धी पाने कब्र से निकाला महिला का शव

**गरियाबंद,24 सितम्बर 2024(ए)।** तंत्र-मंत्र की सिद्धी पाने के लिए महिला का कब्र खोदकर शव निकालने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह घटना छुरा थाना क्षेत्र के सिवनी ग्राम की है. इस मामले में पुलिस ने दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. एएसपी जितेंद्र चंद्राकर ने घटना की पुष्टि की है।मिली जानकारी के मुताबिक, भुखन विश्वकर्मा की पत्नी सुनेती विश्वकर्मा की मृत्यु होने के बाद शव को मिट्टी में दफनाकर अंतिम संस्कार किया गया था। गांव के ही एक व्यक्ति और उसके अन्य साथी ने लाश को कब्र से बाहर निकालकर पूजा तंत्र विधा जैसा कार्य किया गया था। मृतक के ही मोहल्ले के रहने वाले ने इस घटना को अंजाम दिया है। आसपास पता किए तो पता चला कि गांव के नंदे यादव शाम को रापा फावड़ा लेकर शमशान घाट की ओर गया था। गांव में नंदे यादव को बुलाकर पूछे तो कब्र को अपने साथियों के साथ खोदना बताया।



मृतक के परिजन एवं ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत छुरा थाने में की। इस घटना के बाद गांव में आक्रोश है। छुरा पुलिस मौके पर पहुंची और सही ढंग से ग्रामीणों एवं परिजनों के माध्यम से खुदी हुई कब्र को ठीक किया। ग्रामीणों को समझाइश देते हुए पुलिस ने मामला शांत कराया। वहीं पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)